तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 25.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 10 जून 2025

12 ग्रामीणों को मोर गांव मोर पानी की बता रहे खूबियां


13 पौधारोपण करने लोग कर रहे श्रमदान




## 10वीं, 12वीं व स्नातक पास विद्यार्थियों के लिए फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

# एफसीआई के चावल में इथेनॉल कंपनियों की सेंध, प्रति क्विंटल पांच सौ रूपए का खेल

### बाजार में प्रति किलो चावल 26 से 28 रूपए में बिक रहा

राहुल शर्मा ▸▸| दुर्ग

एफसीआई द्वारा प्रदेश के इथेनाल कंपनियों को चावल बेचने के लिए करार किया गया है। एफसीआई द्वारा बाजार भाव से सस्ते दर पर अनुबंध किए जाने का भरपूर फायदा इथेनाल कंपनियां उठा रही है। एफसीआई के चावल में प्रति क्विंटल पांच सौ रूपए की मुनाफाखोरी कर इथेनाल कंपनियां मालामाल होने में जूट गई है। मजे की बात यह है कि, एफसीआई द्वारा इथेनाल कंपनी को बेचे जाने वाले चावल को फिर से मिलरों को ही बेचा जा रहा है। इस खेल में अब तक करोडो रूपए का कारोबार होने की आशंका है।


अलग खबर

एफसीआई के चावल को इथेनाल डिस्टिलरी और मिलर खुले बाजार में बेचकर लाखों रूपए मुनाफा कमा रहे है। बता दे राज्य के केन्द्र सरकार ने छग के तीन जिले में स्थापित इथेनाल कंपनी (डिस्टिलरीज) से करीब डेढ लाख टन से अधिक का टेंडर किया गया हैं। हरिभूमि ने रायपुर, बेमेतरा और राजनांदगांव के इथेनाल कंपनियों से जानकारी जुटाई, जिसमें दुर्ग के मिलरों की भी सांगगांठ का खुलासा हुआ हैं। ▸▸ शेष पेज 04 पर

**खास बातें**

- राज्य शासन से केन्द्र सरकार एफसीआई में खरीदती हैं चावल
- अच्छी क्वालिटी का चावल बाजार में बेचकर मिलर कमा रहे मुनाफा

### एफसीआई के चावल को खुले बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहे मिलर



**पहले से ही सब्सिडी**

जानकरो की माने तो केन्द्र सरकार को प्रति किलो चावल में खर्च 41 रूपए किलो तक आता है। लेकिन इसके बाद भी इथेनाल को बढावा देने के लिए केन्द्र सरकार डिस्टिलरियों (इथेनाल प्लॉट संचालक) को 22 रूपए 50 पैसे में चावल बेच रही हैं। हांलाकि इसमें करीब 19 रूपए 23 पैसा केन्द्र सरकार सब्सिडी भी उपलब्ध करा रही हैं।

**कस्टम मिलिंग में जमा नहीं, बाजार में बिक रहा:** प्रदेशभर में मिलरों को करीब 54 लाख टन चावल एफसीआई के कोटे में जमा करना हैं। लेकिन अब तक सिर्फ 4 लाख क्विंटल चावल जमा करने की जानकारी सामने आई है। वर्ष 2024-25 सीजन का 11 करोड 6 लाख 73 हजार तीस क्विंटल धान का उठाव किया गया है। इसमें मिलरों को प्रति क्विंटल धान पर 67 किलो चावल के हिसाब से 7 करोड 41 लाख 50 हजार 930 क्विंटल चावल जमा करना था। लेकिन अभी सिर्फ 2 करोड 91 लाख 21 हजार 50 क्विंटल ही चावल जमा किया गया हैं।

**राज्य शासन नुकसान में कर रही नीलामी**

वर्ष 2024-25 खरीफ सीजन में खरीदी गए धान में करीब 35 लाख टन की नीलामी राज्य सरकार कर रही है। इस नीलामी में राज्य शासन ने 19 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की है और नीलामी के बाद निविदाकारों ने इतने ही दर तय किए हैं। राज्य का मानना है कि, केन्द्र द्वारा अपने कोटे में चावल नही लिए जाने के कारण नीलामी करनी पड रही है। धान व्यापारियों का कहना हैं कि, जब केन्द्र 2250 रूपए क्विंटल में इथेनाल कंपनियों को चावल बेच सकती है तो राज्य भी चावल बनाकर इसे इसी कंपनी को 19 सौ क्विंटल से अधिक दर पर बेच सकती हैं।

**एफसीआई पहले ही नुकसान पर**

एफसीआई राज्य शासन के कोटे से हर साल चावल खरीदती है। केन्द्र के कोटे के लिए एफसीआई राज्य शासन से 3500 रूपए किलो में चावल खरीदती है। जबकि एफसीआई इथेनाल कंपनियों को नुकसान में 2250 रूपए क्विंटल पर चावल बेच रही है। इस तरह राज्य जिस तरह से धान खरीदी कर नुकसान में है, उसी तरह से केन्द्र सरकार भी चावल खरीदने के बाद 1350 रूपए प्रति क्विंटल के नुकसान पर चावल बेच रही है।

**होगी कार्रवाई**

केन्द्र सरकार का उद्देश्य हैं कि, चावल से इथेनाल बनाया जाए। लेकिन इसे ऐसा नही कर बेचा जा रहा है तो गलत है। इस तरह के मामले सामने आने पर सरकार कार्यवाही करेगी।-**संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष छग सिविल सप्लाईज कार्पो. लिमि.**

## करोड़ों का ठगी करने वाला एक गिरफ्तार, तीन हैं फरार



**भिलाई।** शेयर मार्केट व रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ो का ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना में चार आरोपी शामिल है। पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है बाकी तीन आरोपी अब भी फरार है। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120-बी, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कोहका निवासी ज्ञान प्रकाश साहू प्रापर्टी डीलर से वर्ष 2019 को उत्तम कुमार साहू के साथ निखिल चंद्राकार, पवन साहनी, उमेश पटेल साथ में मुलाकात किया। चारों युवकों ने ज्ञान प्रकाश को इंफीनाक्स केपिटल एक ट्रेडिंग कंपनी संचालन उत्तम साहू, निखिल चंद्राकार, पवन साहनी, उमेश पटेल के द्वारा किया जाता है। कइसमें रकम लगाओ हर माह 10 से 20 प्रतिशत लाभ होने का झांसा दिया। लालच में आकर ज्ञानप्रकाश ने 2 करोड़ 50 लाख 67 हजार 443 रुपए बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर किया। मगर लाभ नहीं होने पर आरोपियों ने 1 करोड़ 22 लाख 47 हजार 693 रुपए को अलग-अलग किस्तों में लौटा दिया। लेकिन 1 करोड़ 30 लाख 74 हजार 986 रुपए आज तक नहीं लौटाया गया। बल्कि लगातार आरोपीगण घूमाते रहे। परेशान होने के बाद पीड़ित शिकायत पुलिस में किया। उसके बाद वैशाली नगर प्रभारी अमित अदानी ने टीम बनाकर चारों आरोपियों की तलाश में जुटे रहे। इस दौरान पुलिस को प्रगति नगर नेवई निखिल चंद्राकर नामक युवक हाथ लगा। पूछताछ करने पर निखिल ने घटना को करना स्वीकार किया।

**खबर संक्षेप**

### वरिष्ठ आरक्षकों को किया गया सम्मानित



**भिलाई।** वरिष्ठ आरक्षको के अनुसंधान से जुड़े प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण सह-कार्यशाला में 5 दिनों तक सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में आयोजित था। समापन पर प्रशिक्षण में प्रथम स्थान आरक्षक तोषण चन्द्राकर, थाना भिलाई नगर, द्वितीय स्थान आरक्षक रवि कुमार बिसाई थाना नेवई, तृतीय स्थान आरक्षक अभिमन्यु सिंह थाना भिलाई नगर को हासिल किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने आरक्षकों को पुरस्कृत किया। उप निरीक्षक संकल्प राय को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने कहा कि आरक्षकों का आई.क्यू लेबल बहुत अच्छा है। इसी उत्साह से कार्य करने को कहा गया है। वरिष्ठ आरक्षकों का अगले सप्ताह पुनः बुलवाकर उनके कार्यों का आकलन किया जाएगा। मौके पर एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी लाइन चंद्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा मौजूद थे।

### ब्राउन शुगर सप्लायर महिला गिरफ्तार



**भिलाई।** ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने वाली महिला को पुलिस ने नागपुर से गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ब्राउन शुगर की बड़ी सप्लायर ईतवारी रेल्वे स्टेशन शाद अस्पताल के सामने थाना शांति नगर नागपुर महाराष्ट्र निवासी चित्रा मनोज रहांगडाले उर्फ चित्रा ठाकुर को गिरफ्तार किया है। पूर्व में आरोपी देवेन्द्र विश्वकर्मा और करण रंगारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है। इन आरोपियों से ब्राउन शुगर कुल 2.5 ग्राम जिसकी कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। नगदी 5 हजार भी जब्त किया गया है। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए बाइक को भी बरामद किया। फरार आरोपी सोहेल सोलंकी उर्फ राजा सोलंकी उर्फ राज को पुलिस ने 8 जून को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## दो दिन बाद मिलेगा 5 हजार घरों में पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



- अवंतीबाई चौक पर पाइप लाइन हो गई थी पंचर

अवंती बाई चौक के समीप फरीदनगर टंकी से संयोजित 300 डाया डीआई प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है। इसके माध्यम से फरीद नगर एवं उससे लगे हुए क्षेत्र में नियमित पानी सप्लाई लाइन किया जाता है।

दो दिनों में लगभग 5000 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। दो से तीन जगहों पर लीकेज था, उसे ठीक कराया गया , फिर भी सप्लाई में समस्या आ रही थी। उसे निगम के अभियंताओं द्वारा गहनता के साथ पता किया गया, तो पता चला कि अवंती बाई चौक के पास से जो राइजिंग पाइपलाइन गुजरती है वह पंचर हो गयी है। इसके कारण पानी सप्लाई नहीं हो पा रही थी।

**शाम से पानी सप्लाई शुरू**

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुए बिना देर किए काम शुरू किया जाए। प्राप्त आदेशानुसार उपअभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा अपनी टीम को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाए। जिसका नतीजा यह रहा कि पाइप लाइन ठीक हो गया है। पहले पानी की टंकी भरी हुई थी, उसके माध्यम से शाम तक जलापूर्ति सुविधा सुचारू रूप से बहाल की गई। पानी का सप्लाई नियमित रूप से होगा।

**पानी बचाने की अपील**

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल लोगों से अपील की है कि पानी बहुत कीमती है, अक्सर देखने में आता है कि लोग अपने घर का पानी भर लेने के बाद नल बंद नहीं करते हैं । व्यर्थ पानी नाली में डालकर बर्बाद कर देते हैं। एक जगह का नल खुला छोड़ देने से दूसरे जगह पानी का प्रेशर कम हो जाता है, जिससे पानी चढ़ नहीं पाता है। यह सभी के सहयोग से होगा। ननि अपना प्रयास कर रहा है, नागरिक भी सहयोग करें।

### शहीद एएसपी आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई।** सुकमा में नक्सल प्रेशर आईडी ब्लास्ट में कोंटा डिवीजन एएसपी आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हो गए हैं। जिसे लेकर दुर्ग पुलिस के अफसरों ने शहीद आकाश राव गिरिपुंजे के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आईजी राम गोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, डीएसपी अलेक्सजेंडर किरो, सीएसपी हरिश पाटिल,अजय सिंह समेत जामुल , वैशाली नगर, सुपेला के थाना प्रभारी की मौजूद रहे।

### शतरंज स्पर्धा 22 को

**दुर्ग।** जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा नगर निगम के सहयोग से आगामी 22 जून से स्वामी विवेकानंद भवन में दुर्ग जिला सीनियर वर्ग महिला वर्ग एवं अंडर 15 बालक एवं बालिका वर्ग शतरंज चयन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है।




## बैंक ऑफ बड़ौदा सिविक सेंटर भिलाई के लॉकर से गोल्ड गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

लॉकर में रखा गया गोल्ड अचानक गायब होने का मामला सामने आया है। घटना की लिखित शिकायत पुलिस में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क नंबर 5 भिलाई निवासी दरोगा सिंह ने सिविक सेंटर स्थित बैंक ऑफ बडौदा में लाकर लिया था।खुलवाया था। 17 जनवरी 2025 को बैंक कर्मियों द्वारा पीड़ित के पास कॉल आया कि लॉकर सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। सोने के जेवरातों को दूसरे लॉकर में रखना होगा। दरोगा सिंह बैंक पहुंचे और बैंक कर्मियों ने दूसरे लॉकर में जेवरात को रख दिया। 22 अप्रैल 2025 को बैंक ऑफ बडौदा सिविक सेंटर लॉकर देखने पहुंचे। जहां से पीड़ित का दो पैकेट सोने के जेवरता गायब मिले। जिसमें दरोगा सिंह की पत्नी श्यामा सिंह, बेटी आराधना सिंह के सोने के जेवरात थे। बैंक कर्मियों से पूछने पर सभी टोल मटोल करने लगे। परेशान दरोगा सिंह,पत्नी श्यामा सिंह भिलाई नगर थाना पहुंचकर घटना की लिखित में शिकायत किया। इसके अलावा एसपी से मुलाकात कर घटना की जानकारी दी। दरोगा सिंह वर्ष 1991 से उक्त लाकर का इस्तेमाल कर रहे थे। उक्त सोने की कीमत करीब 50 लाख रुपए का होना बताया गया है। पीड़ित एचएससीएल से सेवानिवृत्त कर्मी है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद ही कितने का सोना है स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।



# फरमानः निगम में गुप-चुप अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति की खुलेगी फाइलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति और पदोन्नति के प्रकरणों को लेकर राज्य शासन द्वारा जानकारी मांगे जाने से हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। छग लोक आयोग ने एक पत्र जारी कर नगरीय प्रशासन विभाग को जानकारी मांगी है। जिसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने नगरनिगम आयुक्त को पत्र के जरिए शिकायत प्रकरण की जानकारी मांगी है।

उल्लेखनीय है किए नगरनिगम दुर्ग में अनुकंपा नियुक्ति मामले में ढेरो शिकायते सामने आई है। लेकिन पिछले सत्ता में रहे लोगों द्वारा सीधे हस्तक्षेप किए जाने के कारण ऐसे गंभीर मामलों में कार्यवाही नही हो सकी थी। जानकारी अनुसार राज्य शासन ने रमेश कुमार शर्मा की सहायक अधीक्षक से सहायक लेखाधिकारी के पद पर की गई पदोन्नति नियमों के विपरीत होना पत्र में उल्लेख किया है। साथ ही नम्रता रक्सेलए भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवारए सहायक राजस्व निरीक्षक को निकाय द्वारा दी गई नियुक्ति नियमों के विपरीत होना बताया गया है। इस तरह शासन ने रमेश कुमार शर्माए नम्रता रक्सेल भृत्य एवं प्रीति उज्जैनवार के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई हैए इसकी जानकारी नहीं दी गई है। खबर है किए दो माह बीतने के बाद भी नगरनिगम द्वारा इस संबंध की जानकारी राज्य शासन को उपलब्ध नही कराई गई है।

**खास बातें**

- अपात्रों को भी दी गई अनुकंपा नियुक्ति, शासन ने मांगा ब्यौरा
- सत्ता बदलने के बाद सामने आएगी गड़बड़ी की तस्वीर
- मार्च माह से राज्य शासन ने मांगी जानकारी

## राज्य शासन ने पदोन्नति और अनुकंपा नियुक्ति की मांगी जानकारी, निगम ने नहीं भेजी

### अनुकंपा नियुक्ति की जांच से खुलेगी पोल

नगरनिगम द्वारा एक परिवार में एक से अन्य लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। जबकि एक परिवार को सिर्फ एक ही लोगों को नौकरी देने का प्रावधान है। वही निगम के कर्मचारी की मौत के बाद पत्नि के नौकरी में रहते हुए भी नौकरी दिए जाने के मामले सामने आए थे। अनुकंपा के आलावा स्वेच्छित सेवानिवृत्त वाले प्रकरण की भी जानकारी मांगी गई है। बहरहाल राज्य शासन द्वारा आदेश मांगे जाने से इन दिनों निगम में चर्चा का माहौल गर्म है। देखना है किए सत्ता परिवर्तन के बाद क्या ऐसे मामलों में कार्यवाही होगी।




### जरुरतमंद आज भी भटक रहे

नगरनिगम दुर्ग में कांग्रेस की सत्ता के दौरान भी कई अनुकंपा नियुक्ति के पात्रता रखने वाले परिजनों को नौकरी नही मिल पाई। जबकि कई बार यह विषय सामान्य सभा के पटल में आ चुके है। इसके बाद भी हितग्राही भटक रहे है। लेकिन निगम द्वारा पद नही होने का हवाला देकर अनुकंपा नियुक्ति नही दी गई। सामान्य सभा में कम से कम ऐसे हितग्राहियों को मिशन क्लीन सिटी जैसे कार्य में रखने की पेशकश भी की गई थी। इस संबंध में ढेरो आवेदन पत्र आयुक्त के समक्ष भी आए है। लेकिन अफसरों ने गंभीरता नही दिखाई है।

**खबर संक्षेप**

### बैठक में वैक्सीनेशन की दी जानकारी

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण सीईओ जिला पंचायत, समस्त आयुक्त नगर पालिका निगम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुर्वेद अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी व अन्य विभागीय जिला अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ मनोज दानी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिव्या श्रीवास्तव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भूमिका वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त जिला नोडल अधिकारी भिलाई सेक्टर 9 के डॉ डब्ल्यूएचओ के सर्विलांस चिकित्सा अधिकारी, आईएमए, आईपीए के अध्यक्ष व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त जिला टास्क फोर्स की बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों में होने वाले वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिजीज एवं 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025 के आयोजन के संबंध में जिला नोडल अधिकारी द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। कलेक्टर द्वारा समस्त विभाग को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समयबद्ध अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे एवं इसके संबंध में विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही एमआर वैक्सीन से जिले के कोई भी बच्चे छूटे ना इसके लिए कार्य योजना बनाकर टीकाकरण करने एवं अन्य निर्देश दिए गए।

### ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक आज

**दुर्ग।** जिला स्वच्छता भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 10 जून को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन, मॉडल ग्राम पंचायत बनाए जाने की 10 बिन्दुओं पर समीक्षा, प्लास्टिक वेस्ट मेनेजमेंट यूनिट के क्रियान्वयन की समीक्षा, फिकल स्लज मेनेजमेंट यूनिट के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त बैठक में संबंधित विभाग के प्रमुखों को निर्धारित समयानुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

**अवैध कारोबार : गांव-गांव में नकली गुटखा डंप करने अवैध गोदाम हो रहे संचालित**

# नकली गुटखे के नाम पर करोड़ों का कारोबार, बाहरी व्यापारी सक्रिय

**औषधि प्रशासन विभाग की सांठगांठ से शहर से गांव तक फैला व्यापार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कोनारी में करीब डेढ करोड रूपए से अधिक की नकली गुटखे के कारोबार का भंडाफोड होने के बाद लगातार नए तार सामने आ रहे है। नकली गुटखा के आलावा करोडों रूपए की बीडी तक बाजार में खप रही है। दुर्ग सहित आसपास के ग्रामीण इलाको में नकली गुटखा खपाने के लिए अवैध गोडाउन में तैयार किए गए है। जहां से फेरीवाले को अच्छ खासी मजदूरी राशि देकर जिलेभर में रोज करोडों रूपए का व्यापार किया जा रहा है। मजे की बात यह है किए औषधि प्रशासन विभाग के सांठगांठ से जिले में ही नकली गुटखा की पैकेजिंग की जा रही है।

हाल ही में ग्रामीणों के शिकायत के बाद हरकत में आए विभाग ने छापामार कार्यवाही की है। अंडा के पास कोनारी गांव में अवैध गुटखा फैक्ट्री ने प्रशासन को भी सक्ते में डाल दिया है। यहां डेढ करोड से अधिक का गुटखा पकडा गया है। जिसे बाजार में सप्लाई कर खपाया जा रहा था। बात यही तक खत्म नही होती इस तरह का गोरखधंधे के पीछे बिहारी व्यापारी दुर्ग में सक्रिय हो गए है। इनके जरिए लोकल सेल्स मैन तैयार कर इसे शहर व गांव में खपाया जा रहा है। इसमें गुटखा व गोला बिडी जैसे उत्पाद शामिल है। ऐसे नकली उत्पाद पर नजर रखने की जिम्मेदारी औषधि प्रशासन विभाग की हैए लेकिन विभाग के अफसरों के सांठगांठ से ही इस तरह का




### दूसरे जिले के कारोबारी हैं शामिल

दुर्ग न सिर्फ जिला है, बल्कि यहां से आधा दर्जन जिलों की मानिटरिंग होने के चलते इसे संभागीय कार्यालय का ओहदा है। लेकिन यही से इस तरह के कारोबार फल फूल रहे है। प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखों के साथ नकली गुटखों का कारोबार भी एक बार फिर से पैर पसारने लगा है। मिलते.जुलते नामों से शहर व आसपास की फैक्टरियों में ही इसे बेहद गोपनीय तरीके से तैयार किया जा रहा है। इसके निर्माण से लेकर खुद्रा सप्लाई के लिए एक गिरोह काम कर रहा हैए जिसकी सप्लाई चेन शहर से लेकर वनांचल तक फैली हुई है।

### बाहरी राज्यों से पहुंच रहा कच्चा माल

मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश के शहरों से कच्चा माल मंगाकर पैकेजिंग की जा रही है। हालांकि दिल्ली में ईडी के छापे के बाद यहां भी इसके व्यापार से जुडे सिडिकेट के बीच हड़कंप हैए लेकिन ऐसे लोगों पर खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग कोई कार्यवाई नही कर पा रहा है। चलन वाले नाम के गुटखा पाउचों की जमकर नकल की जा रही है। हुबहू नाम देकर उसकी वैसी ही पैकिंग की जा रही हैए जिस तरह की पैकिंग असली कंपनी देती है।

### शरीर के लिए बेहद हानिकारक

बाजार में गुटखा के कई ब्रांड उपलब्ध है। जिसका कापी कर नकली गुटखा तैयार की जा रही है। इसकी पैकेजिंग भी मापदंडों को दरकिनार कर किया जा रहा है। जिससे यह स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। सूत्रों ने बताया किए गांव.गांव के पान ठेलों में जाकर रिटेलर थोक में बेहद सस्ता दर भी लगा रहे है।ए जिसके बदले उन्हें मोटी कमीशन मिल रही है। इसके बाद भी औषधि प्रशासन विभाग के अफसर के नाक के नीचे पूरा कारोबार चल रहा है।

### संभागायुक्त ने लगाई थी फटकार

नकली गुटखा का कारोबार इतना तेजी से बढ रहा है किए इन दिनों इस तरह के पान ठेले स्कूल व कालेजों के आसपास जम गए है। सुबह टपरी लेकर बैठे दुकानदार शाम को पूरा समान समेटकर चले जाते है। दिनभर स्कूल व कालेजों के आसपास प्रतिबंधित गुटखा बेचे जा रहे है। इसके बाद भी स्वास्थ्य विभाग के नुमाइंदे कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते नजर आते है। कोनारी में हुए कार्यवाही में अब तक जिला प्रशासन का बयान सामने नही आया है।

## तहसीलदार ने वीडियोकॉलिंग से पक्षकार का लिया बयान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कोर्ट की सुनवाई में विलंब होने के कारण पक्षकार को न्याय नही मिलने की समस्या को तहसीलदारों ने पलभर में सुलझा दिया। कोर्ट में किसी कारण से पक्षकार उपस्थित नही हो पा रहे थे। लंदन में होने के कारण सुनवाई में देरी हो रही थी और प्रकरण का निपटारा नही हो पा रहा था। ऐसे में संवेदनशीलता का परिचय देकर दुर्ग तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने वीडियों कांन्फ्रेसिंग के जरिए सुनवाई कराई।

- पक्षकार लंदन में होने के कारण सुनवाई में विलंब

नगरीय निकायए पंचायत चुनाव फिर सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण में व्यस्तता के कारण राजस्व प्रकरणों की सुनवाई की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। पीठासीन अधिकारियों के शिविर आदि में रहने के कारण पक्षकारों को मायूस होकर न्यायालय से बिना सुनवाई लौटना पड़ रहा था। लेकिन कोर्ट में भी अब डिजीटल सुनवाई से राजस्व न्यायालयों के सुनवाई में तेजी आई है। हाल ही में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई के दौरान पक्षकारों ने बताया किए एक हितबद्ध पक्षकार लंदन में रहते है और वे न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकते तो पीठासीन अधिकारी तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने पक्षकारों की परेशानियों को समझते हुए प्रकरण के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से विदेश ;लंदनद्ध में बैठे पक्षकार को वीडियो कॉलिंग कर प्रकरण में उनका पक्ष गंभीरता से सुना। पक्ष सुनकर प्रकरण अंतिम फैसला के लिए रख लिया।

## मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीलपारा रिसाली बस्ती भिलाई तहसील व जिला दुर्ग निवासी स्व कुंजलाल देशमुख की विगत 15 नवम्बर 2023 को डबरी तालाब रिसाली गांव नेवई में तालाब में उतरते समय पैर फिसलने से गिरने पर पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व कुंजलाल देशमुख की पत्नी परदेशनीन बाई को 04 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जनदर्शन में मुर्गी फॉर्म हटाने की मांग सहित मिले 160 आवेदन, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जनदर्शन में संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस एवं हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से

- अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं



संबंधित 160 आवेदन प्राप्त हुए।

पोलसाय पारा दुर्ग निवासी एक अभिभावक ने आरटीई शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अपने पुत्र को दूसरे स्कूल में प्रवेश दिलाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र पहले ड्रीम इंडिया स्कूल, सिंधी कॉलोनी में आरटीई के तहत पढ़ाई कर रहा था, लेकिन स्कूल बंद हो जाने के कारण अब उसका भविष्य अंधकारमय हो गया है। पुत्र को घर के समीप आरटीई के तहत किसी अन्य प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिला दिलाने गुहार लगाई।

### भूमि अधिग्रहण के मामले को लेकर शिकायत

ग्राम चंगोरी तहसील पाटन निवासी एक किसान ने भारत माला सड़क परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित की गई भूमि का उचित मुआवजा न मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम बठेना में स्थित है जो पाटन से जामगांव होते हुए रायपुर मुख्य मार्ग से लगी हुई है। इस परियोजना के तहत उनकी जमीन अधिग्रहित की गई, लेकिन उसका उचित मूल्यांकन नहीं किया गया। जिससे उन्हें निर्धारित मुआवजा राशि प्राप्त नहीं हुई। किसान ने भूमि का पुनर्मूल्यांकन कर सही मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

## ग्रामीणों को मोर गांव मोर पानी की बता रहे खूबियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत गुड गवनेंस गतिविधियों के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रति माह रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार दिवस में ग्रामीणों एवं जॉब कार्डधारी परिवारों को मनरेगा के दिशा.निर्देशों योजनाओं और उनके अधिकारों को जानकारी देकर उन्हें सशक बनाना जा रहा है।

- जन मनरेगा जल दूत एप्प एवं युक्तधारा पोटर्ल की जानकारी

मनरेगा के श्रमिकों आधार बेस्ड भुगतान एवं एनएमएमएस ऐप ई.एमबी ऐप मास्टर की एन्ट्री की जानकारी दिया गया। मनरेगा के तहत गुणवतापूर्ण जल सरंक्षण, आजीविकास संबंधर्न ओर पर्यावरण स्थिति में सुधार लगाया जा सकता है। महाअभियान में ग्रामीणों को बताया गया किए जीआईएस तथा अन्य तकनीकी उपयोग से बेहतर योजना और पारदर्शिता बनाये जावेगा। पंचायती राज के जनप्रतिनिधि, महिला संगठनों एवं कैडर की क्षमता निर्माण करना ताकि वे जल सुरक्षा और आजीविका योजनाओं के निर्माण होगा।



### आवास बनाने में 90 दिन की मिल रही मजदूरी

इस दौरान जनमनरेगाए पोर्टल एक पेड़ मां के नाम अभियान और जल संरक्षण मोर गांव मोर अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को मनरेगा की बढ़ी हुई मजदूरी 261 ;अप्रैल 2025 से लागूद्ध की जानकारी दी गई। आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई। रोजगार दिवस जनपद पंचायत दुर्ग ग्राम पंचायत ढाबाए नगपुराए मतवारीए ननकट्टीए खपरी कुण्ए उमरकोटीए पउवाराए अंजोरा खए जनपद पंचायत पाटन सांतराए कोटनाए तरवाएए अकतईए तर्राए टेमरीए ओदोगहनए जनपद पंचायत धमधा ग्राम पंचायत पथरिया सए चेटुआए बिरोढा रोजगार दिवस का आयोजन किया गया।

### वर्षा जल सहेजने चला रहे अभियान

मनरेगा के तहत किसानों के हित के तहत वर्षा के बूंद.बूंद सहेजने हेतु जन.जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। रिचार्ज पीट व सोक पीठ निर्माण कार्य बढी संख्या में स्वीकृति किया गये वही नल जल योजना के तहत सभी घरों में पानी की सुविधा दिया जा रहा है। वही बहते पानी की रोकने हेतु जागरूकता अभियान चला कर स्वच्छ व शुद्ध जल की जानकारी भी दी जा रही है। ग्रामीण कृषकों कच्ची एवं पक्की नाली डबरी व कुंआ निर्माण के महत्वपूर्ण जानकारी भी जा रही है।

**मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के कई सोपान पाए- खूबचंद पारख**

# संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के लिए दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई।

- केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर कार्यक्रम

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने कहा कि 'संकल्प से सिद्धि अभियान समेत अन्य सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में कार्यकर्ता प्राण-प्रण से जुट जाएं। आज पार्टी का जो विशाल स्वरूप हम देख रहे हैं। उसमें पार्टी के इन सभी कार्यक्रमों की महती भूमिका है। हमारे जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनता जनार्दन से सीधे जुड़ते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाज के बीच जाने से जनता तक हमारा चिंतन विचार पहुंचता है। कांग्रेस लगातार झूठ फैलाने में लगी रहती है, इसलिए इस राष्ट्र को आगे बढ़ाने और राष्ट्रवाद की भावना को प्रखरता प्रदान करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुआ। यह सब इन कार्यक्रमों के जरिए जनता को हम बताएं। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के कार्य योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री देव ने कहा कि जनता को इन कार्यक्रमों के जरिए सच्चाई और कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करना है। मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता खूबचंद पारख, मंचासीन अतिथि दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, ईश्वर साहू, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, निवृत्तमान जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उषा टावरी, चंद्रिका चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, दीपक चोपड़ा, साजन जोसेफ, सरिता मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ बालमुकुंद देवांगन, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, मंत्री आशीष निमजे रोहित साहू, कोषाध्यक्ष विनोद अरोरा, सह कोषाध्यक्ष नीलेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, सह कार्यालय मंत्री अनूप सोनी दिनेश देवांगन आदि मौजूद रहे।



### पार्टी का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भाजपा का मूल उद्देश्य और संगठन की भावना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने इस पर पूरे समर्पण के साथ जुटना है। भाजपा ने जिस प्रामाणिकता के साथ काम किया और जन विश्वास अर्जित किया है। यही अमृतकाल है। राष्ट्रीय प्रदेश नेतृत्व के द्वारा समय.समय पर कार्यक्रमों के समीक्षा भी की जाएगी आप सभी से आग्रह है कि संगठन के द्वारा जो भी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि को लेकर आए हैं अब समय पर पूर्ण करें।

### पार्टी कार्यकर्ताओं को रखती हैं सक्रिय

भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा पार्टी राष्ट्रवादी विचारधारा पंचनिष्ठा के आधार पर कार्य करती हैए पार्टी सदैव किसी न किसी कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रखती है। विधायक ईश्वर साहू ने इस कहा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 11 वर्ष सुशासन के देशवासियों ने देखा और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी को भी सबसे पहले पूर्ण किया। भाजपा निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन साजन जोसेफ ने किया आभार कार्यक्रम सदस्य सुश्री सरिता मिश्रा ने किया।

## वार्ड 56 में बनेंगें 4 जगह उद्यान विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 56 में उद्यान बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। विधायक की पहल पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उद्यान की लंबित मांग का भूमिपूजन होने पर वार्डवासियों ने विधायक गजेन्द्र का आभार जताया। इस दौरान वार्ड के नागरिकों ने पौधा रोपण भी किया ताकी कॉलोनी में हरियाली बनी रहे। बघेरा क्षेत्र में विकास करने और भी कार्य करने नागरिकों से चर्चा की।

विधायक गजेन्द्र यादव ने बताया की वार्ड 56 बघेरा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 32 लाख की लागत से 4 स्थान पर उद्यान निर्माण हेतु महापौर अलका बाघमार एवं वार्डवासियों के साथ भूमिपूजन किया। अब कॉलोनी में बच्चों को खेलने तथा बड़ो और बुजुर्ग को सुबह शाम टहलने के लिए उपयुक्त स्थल मिल जायेगा। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कांशीराम कोसरे, लीलाधर पाल, पार्षद ललित ढीमर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे।

# बापूनगर घटना के आरोपियों के पकड़े नहीं जाने पर देवेन्द्र ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सोमवार को पुलिस अधीक्षक से विशेष मुलाकात की। खुर्सीपार बापूनगर में जो घटना हुई है। पीड़ित परिवार के साथ इंसाफ की फरियाद लेकर यादव भी कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी से मुलाकात की। बताया कि आज तक आरोपियों को पकड़ा नहीं गया है। लगातार परिवार पर पुलिस प्रशासन दबाव बना रही है। अगर जल्द से जल्द आरोपी नहीं पकड़े गए और उचित कार्यवाही नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आंदोलन करेगा।

## गारमेंट फैक्ट्री का काम अधूरा, निरीक्षण कर जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

### जनदर्शन में पहुंचे विधायक देवेंद्र

इस मुलाकात में विधायक ने खुर्सीपार, टाउनशिप क्षेत्र और औद्योगिक इलाकों से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की जनता से प्राप्त फीडबैक के आधार पर सात प्रमुख मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा और शीघ्र निराकरण का निर्देश दिया है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि कि छात्रों के बेहतर भविष्य को ध्यान में रख कर बनाया गया डिजिटल लाइब्रेरी जहां ऑनलाइन क्लास, बैंक, रेलवे, यूपीएससी, पीएससी आदि की तैयारी करने के लिए बड़ी सुविधा दी गई है। लेकिन देख रेख के अभाव में ताला बंद होने की स्थिति आ गई है। इंटरनेट जैसी छोटी सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।



### खुर्सीपार की महिलाओं को रोजगार मिले, जल्द पूरा करें गारमेंट फैक्ट्री

विधायक यादव सोमवार की सुबह शहर के विभिन्न विकास कार्यों का दौरा किया। निर्माण कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। इसी कड़ी में वे सुबह गारमेंट फैक्ट्री में निरीक्षण करने गए और जल्द से जल्द कार्य कंप्लीट करने की बात अधिकारियों से कही। उन्होने कहा कि अभी की सरकार कार्य को पूर्ण करना नहीं चाहती है। वह लगातार से इसके लिए प्रयासरत है, उन्होंने विधायक निधि से 50 लाख रुपए दिए थे, ताकि खुर्सीपार की महिलाओं को रोजगार मिल सकें, वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**ई-लाइब्रेरी की तालाबंदी पर चिंता:** वार्ड क्रमांक 45 खुर्सीपार में कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई डिजिटल-लाइब्रेरी फंड की कमी के चलते पिछले छह माह से बंद है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। विधायक यादव ने इसे तत्काल शुरू कराने की मांग की।

**शिक्षा व्यवस्था पर फोकस:** सीवरेज प्रभावित परिवारों के बच्चों को स्कूल में प्राथमिकता से प्रवेश दिलाने हेतु श्री आत्मानंद स्कूल बालाजी नगर खुर्सीपार में विशेष व्यवस्था की जाए।

**एनओसी की कमी से रुकी विकास योजनाएं:** टाउनशिप क्षेत्र में बीएसपी द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से विकास कार्यों में बाधा आ रही है। इस पर जल्द हल निकालने की जरूरत बताई।

**खेल मैदानों का विकास:** शासन द्वारा बनाए गए खेल मैदानों को सक्रिय करने के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे बाउंड्रीवाल, मंच, बैठने की व्यवस्था आदि की मांग की। प्रस्तावित मैदानों में शामिल हैं। खुर्सीपार, नवीन कॉलेज ग्राउंड,कन्या विद्यालय बालाजी नगर।

**औद्योगिक क्षेत्र में ट्रैफिक प्रबंधन:** नंदिनी रोड, ट्रांसपोर्ट रोड, बेतरतीब भारी वाहनों से जनता की सुरक्षा को खतरा। इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की गई।

## खबर संक्षेप



### बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया

**उतई।** बिरसा मुंडा की 150वी शहादात दिवस मनाया। गोंडवाना विकास समिति उतई में बुढ़ादेव मंदिर में अत्याचार और शोषण के खिलाफ क्रांति का आगाज करने वाला महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उसके द्वारा किए गये कार्य को याद कर समाज में हित कार्य करने के लिए समाज में उपस्थित लोगों से अपील की। इस अवसर पर गोंडवाना विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर, पुजारी रामदयाल ठाकुर, शंकर ठाकुर, तोरण ठाकुर, मातृशक्ति अध्यक्ष सरोज ठाकुर, वैदिक ठाकुर, डामिन नेताम, मायावती मांडवी, अजय ठाकुर, भरत मंडावी, पंकज कुंजाम, संतोष नेताम, जितेश कुंजाम, केशनी मंडावी एवं समाज लोग उपस्थित थे।

### सांसद विजय से की भेंट मुलाकात



**पाटन।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ब्राज़ील की राजधानी ब्रासीलिया में आयोजित तीन दिवसीय 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच के कार्यक्रम को सम्बोधित कर जब शाम को रायपुर अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश वापसी पर माना एयरपोर्ट पर पहुँचे तो स्वागत किया गया। इसी क्रम में पाटन नगर पंचायत के सभापति नेहा बाबा वर्मा ने सांसद विजय बघेल का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान नगर पंचायत पाटन की उपाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, सुरेन्द्र वर्मा, परमजी सिंह, हुलाराम वर्मा, नारायण पटेल सहित दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत

**मोहला।** आकाशीय बिजली गिरने से अंबागढ़ चौकी नगर के समीपस्थ ग्राम मालडोंगरी में आज अलग-अलग परिवार के दो मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई है। हादसे में दोनों नाबालिग की घटनास्थल पर ही एक साथ मौत हो गई।उल्लेखनीय कि दोपहर बाद लगभग 4 बजे के करीब बिजली कड़कने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान मालडोंगरी गांव में सारिका कुंजाम पिता रामकुमार कुंजाम 13 वर्ष तथा संदीप नेताम पिता रुस्तम नेताम 14 वर्ष घर के करीब स्थित आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे। बारिश शुरू होते ही किसी तरह बच्चे संभल पाते, इसी वक्त अचानक उनके ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। दोनों बच्चों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हादसे के दौरान चार-पांच बच्चे आम पेड़ के नीचे खेल रहे थे, तभी बिजली गिरने के साथ बारिश शुरू हुई। बिजली गिरने से जहां दो बच्चों की मौत हुई। वहीं मृतक संदीप का छोटा भाई भी मामूली रूप से इस हादसे में घायल हुआ है। दोनों बच्चों के माता-पिता किसानी रोजमर्रा की रोजी मजदूरी से जुड़े हुए हैं।

## ग्राम पंचायत अंडा में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और बीमारियों से दूर रहने पौष्टिक भोजन का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा के पंचायत भवन में फूडथेरेपिस्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, स्वास्थ्य हेल्थ जागरुकता अवेयरनेस प्रोग्राम सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। जिसमें हेल्थ कोच जया रवि वर्मा द्वारा यह बताया गया कि क्या खाएं, क्या ना खाएं तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का निर्देश दिया। बच्चों को यह सिखाया गया कि क्या खाएं अपने घर के पौष्टिक खाने को अपनाए, मौसमी फल तथा हरी साग सब्जियों का सेवन करें, जैसे केला, अनार, सेब, अंगूर, नाशपाती, टमाटर, चुकंदर, पालक आदि का सेवन करने की सलाह दी। वहीं अधिक तली हुई, मसालेदार, बासी भोजन, पैकेट फूड, अधिक प्रोसेस फूड आदि नहीं खाने की सलाह दी गई। स्वस्थ जीवन शैली, सुबह जल्दी उठने की आदत डालें और सुबह उठने साथ एक से दो गिलास गुनगुना पानी पीने की आदत डालें, हल्का नाश्ता करें और खाने के बीच-बीच में पानी न पिए, खाने के 15 मिनट पहले या 15 मिनट बाद पानी पिए। अधिक फाइबर युक्त खाने चोकर युक्त आटे की रोटी, फल तथा मौसमी सब्जियों को अपने भोजन में ऐड करें, व्यायाम प्राणायाम योगासन करें। जितेन्द्र वर्मा द्वारा यह बताया गया कि खाने से पहले कम से कम अपने हाथों को अच्छे से धोएं और बताया गया कि केवल खाना ही काफी नहीं है क्या खा रहे हैं कितना खा रहे हैं यह भी जानना बहुत जरूरी है तथा पौष्टिक खाने को अपनाने पैकेट फूड को कम से कम खाने तथा आयुर्वेद जीवन शैली को अपनाने का निर्देश दिया।

**फूडथेरेपिस्ट, न्यूट्रिशनिस्ट, स्वास्थ्य हेल्थ जागरुकता अवेयरनेस कार्यक्रम में की गई चर्चा**





### आयुर्वेद को अपनाएं और बच्चे खेलकूद में दिखाएं रूचि

किरण वर्मा द्वारा यह बताया गया कि यदि आप सही खान-पान रखते हैं तो आपको कोई बीमारी नहीं हो सकती तथा पौष्टिक खानों को अपनाने का निर्देश दिया, खेलकूद में रुचि बनाए रखने तथा वर्तमान में फैल रही बीमारियों से बचने के लिए निर्देश दिए। पुष्पांजलि साहू ने बताया कि कभी अपने सुबह के नाश्ते को स्कीप ना करें और अधिक पौष्टिक अधिक प्रोटीन युक्त खाना जैसे दाल, राजमा, सोयाबीन को अपने खाने में ऐड करें तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाए। दीपक वर्मा द्वारा बताया गया कि रोज कोई ना कोई एक्टिविटी करें, अच्छा खान-पान रखें मौसम के अनुसार हरी सब्जियां, फलों का सेवन करें। स्वस्थ आहार विहार तथा दिनचर्या का पालन करें, रात को अधिक देर तक न जागे, मोबाइल देखते हुए या टीवी देखते हुए खाना ना खाएं। बच्चों की रुचि जानी गई तथा उसके उस क्षेत्र में अच्छा करने के निर्देश दिए गए। हमेशा घर का खाना खाने तथा स्वस्थ जीवन शैली तथा आयुर्वेद को अपनाने का निर्देश दिया। जैसे यदि आपको कब्ज, गैस या अपच की दिक्कत हो रही है तो आपको मिर्च मसालेदार तीखा खाना परहेज करना है, हल्का भोजन लेना है और अधिक फाइबर युक्त आहार हरी सब्जी अमरुद, नाशपाती, केला, सेब का सेवन करना है गुनगुने जल का सेवन करना है।

### अधिक मिर्च मसालेदार चीजों का सेवन न करें, व्यायाम करने की डालें आदत

रोजाना 15 से 20 मिनट व्यायाम करने की आदत डालना चाहिए यदि आपको खांसी की दिक्कत है तो अधिक मिर्च मसालेदार चीजों का सेवन न करें चावल का कम से कम उपयोग करें तथा चोकर युक्त आटे की रोटी खाएं , गुनगुने जल का सेवन करें और ठंडी चीजों से बचे। यदि आपको उल्टा सीधा खाने से उल्टी हुई है तो उल्टी के बाद 6 से 8 घंटे तक कुछ ना खाएं। इस स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में अतिथि अंडा, विनायकपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, ग्राम पंचायत अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, ग्राम पंचायत आमटी मासाभाट सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, जया रवि वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, किरण वर्मा, दीपक वर्मा, पुष्पांजली साहू, अजय धीवर, लक्ष्मी धीवर, विजय साहू, अनुपमा, ममता धीवर, तुलसी धीवर, उभे लाल साहू, कुमारी साहू, व्यास नारायण मारकण्डे, जशवंत चौधरी, लक्ष्मी साहू, जास्वी साहू, मोहन ठाकुर, लुकेश्वरी साहू, संजय साहू, सुनीता साहू, उदय साहू, कविता साहू, कुमार साहू, तनुजा चन्द्राकर, रज्जू चन्द्राकर, ममता चन्द्राकर, उमा सिन्हा, बसंता सिन्हा, एमन चन्द्राकर, पोषण, शेल चन्द्राकर, खिलेन्द्र संजू यादव, कुमारी चन्द्राकर, थनवार चन्द्राकर, पवन देशमुख, रूपा देशमुख, योगराज साहू, प्रशांत साहू, नोहर लाल चन्द्राकर सहित अन्य आस पास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग संजय कुमार साहू और एमन चन्द्राकर का योगदान रहा।

# तहसील कार्यालय धमधा बना भ्रष्टाचार का केंद्रः एबीवीपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमधा द्वारा वर्तमान में तहसील कार्यालय के भ्रष्टाचार व बढ़ रहे कमीशनखोरी के खिलाफ कार्रवाई व तहसीलदार द्वारा भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के खिलाफ जिला दुर्ग कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी धमधा सोनाल डेविड के माध्यम से पत्र भेजा।

ज्ञातव्य हो कि तहसील कार्यालय में चल रहे भ्रष्टाचार की शिकायत निरन्तर आते रहता है इस विषय पर तहसीलदार से सुधार करने के लिए पूर्व में भी अभाविप द्वारा ज्ञापन दिया गया है।

अभाविप के नगर मंत्री वामन ताम्रकार ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को सीमांकन, फर्द बटवारा, प्रमाणीकरण जैसे कार्यों के लिए घुमाया जाता है और तहसीलदार के चहेते कर्मचारी द्वारा या बिचौलियों द्वारा प्रार्थियों को पैसा लेन देन की बात कही जाती है।

### प्रशासन नहीं कर रहे कार्रवाई

लगातार धमधा तहसील कार्यालय भ्रष्टाचार के मामलों में गिरा हुआ नजर आ रहा है तकरीबन दो सप्ताह से तहसीलदार के नाक के नीचे हो रहे भ्रष्टाचार की खबरें सभी अखबारों में दिखाई पड़ रही बावजूद प्रशासन तहसीलदार के ऊपर कार्यवाही करने से कतरा रहा है।

- पूर्व में भी अभाविप ने सौंपा गया है ज्ञापन

जिसका पैसा पहुंचा उसका कार्य होता है और जिसने पैसा नहीं दिया उसे तहसील कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। ऐसे मामलों पर प्रशासन तहसीलदार के स्थानांतरण की कार्यवाही नहीं करती है तो अभाविप उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर रितेश सिन्हा, नोमेश कोसरे, तुषार निषाद, केवल, मासूम दुबे सहित एबीवीपी के कई लोग मौजूद थे।

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में कन्हैया का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**सेलूद।** जगदलपुर में राज्य स्तरीय ग्रीष्म कालीन भारोत्तोलन प्रतियोगिता 2025 में 55 किलो वजन वर्ग समूह में महुदा ग्राम के कुंदन विश्वकर्मा ने अंडर 17 में स्वर्ण पदक अंडर 19 में स्वर्ण पदक सीनियर में स्वर्ण पदक, भूपेश साहू ने 61 किलो वजन वर्ग समूह में अंडर 17 में स्वर्ण पदक, अंडर 19 में कांस्य पदक टाकेस्वर साहू झीट ने अंडर 17 में कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही साथ कन्हैया साहू झीट निवासी ने अंडर 19 में चौथे स्थान पर रहे। पूरे प्रतियोगिता में दुर्ग जिले से सिर्फ 4 खिलाड़ियों ने भाग लिया था सभी का बहुत ही बढ़िया प्रदर्शन रहा। टीम के कोच योगेश कुमार ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# पौधारोपण करने लोग कर रहे श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

धर्मधाम गौरवगाथा समिति धमधा, अभिनव जीवन कल्याण समिति दुर्ग, हिंद एथलेटिक्स क्लब धमधा, ग्राम पंचायत बिरझापुर के नेतृत्व में शनि मंदिर तलाब का संरक्षण करते हुए जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसे इको क्लब क्षेत्र बनाने की दिशा में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

- 14 जून को बिरझापुर में वृहद रूप में किया जाएगा पौधारोपण

आयोजन समिति ने बताया कि यह क्षेत्र लोगों के लिए एक हृदय स्थल बन सके इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। हर पौधे की सुरक्षा की जिम्मेदारी ली जा रही है एवं उनकी सुरक्षा के लिए मिट्टी का परीक्षण किया गया और जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए फेंसिंग पोल भी लगाकर जगह को संरक्षित किया जा रहा है। वहीं इस मुहिम को पूरा करने के लिए आयोजन समितियों द्वारा निःशुल्क पौधारोपण करने के लिए इंटरनेट द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भी भरवाया जा रहा है जिससे लोगों की उत्सुकता भी दिख रही है।



# नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा से गूंज उठा ग्राम रूही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन महुदा एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के संयुक्त प्रयास से आयोजित हरिनाम संकीर्तन एवं नशा मुक्ति अभियान ने ग्रामवासियों के हृदय को छू लिया। भक्तों की टोली जब गांव की गलियों से होते हुए संकीर्तन करती चली तो महिलाएं अपने द्वार पर दीप जलाकर स्वागत करने लगीं, बच्चे जयकारे लगाने लगे, और वृद्ध श्रद्धा से हाथ जोड़कर हरिनाम में लीन हो गए लेकिन यह केवल संकीर्तन नहीं था यह एक संकल्प था।

एक संकल्प व्यसन से मुक्ति का, एक संकल्प संस्कारमय समाज के निर्माण का, प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यक्रम में यह दिखाया गया कि, नशा केवल शरीर ही नहीं, आत्मा और समाज दोनों को जला देता है। अब समय आ गया है, जब हम सब मिलकर इससे मुक्ति की राह चुनें। इस भावपूर्ण आयोजन में ग्राम रूही के सभी लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया। महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सभी ने मिलकर भक्ति और जागरुकता का संगम रच दिया। कार्यक्रम का अंत सामूहिक संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी ने एक स्वर में कहा अब व्यसन नहीं, केवल हरिनाम। इस अलौकिक आयोजन को सफल बनाने में संस्कार वेलफेयर फाउंडेशन एवं इस्कॉन प्रचार केंद्र महुदा के सेवाभावियों की भूमिका सराहनीय रही।



## दानीकोकड़ी की महिला स्व सहायता समूह महिलाएं हुई बेरोजगार

# बंद पड़ा है महात्मा गांधी रोलर इंडस्ट्रियल पार्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

धमधा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत दानीकोकड़ी सहित अन्य जगहों में कांग्रेस शासन काल में लोगों को आत्मनिर्भर और रोजगार में सहायक बनाने वाली महात्मा गांधी रोलर इंडस्ट्रियल पार्क रीपा के नाम से योजना बनाकर चिन्हांकित ग्राम पंचायतों पर इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया गया था जिसके चलते महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं को कई परिवारों को रोजगार मिल रहा था। लोग वहां गोबर से पेंट, फुटपाथ पर लगाने वाले चेकर, किसानों के खेतों पर लगने वाले फेंसिंग पोल, बेकरी उत्पाद तथा कई अन्य प्रकार के उत्पाद बनाकर स्वावलंबी बन रहे थे और अपने रोजगार का रास्ता बनाया था। साथ ही आसपास क्षेत्र के लोगों को कम दामों में गुणवत्ता से भरपूर उत्पाद प्राप्त हो रही थी जो कि इन दिनों पूर्ण रूप से बंद पड़ी है। शासन के राजस्व को इतना बड़ा चूना लगा है इस योजना को बंद करने के बाद कई एकड़ में फैले इस पार्क की बिल्डिंग जर्जर स्थिति में होते जा रही है। वहीं यह परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है और जितने भी कार्य किए गए थे उत्पाद बनाए गए थे सभी जर्जर हो रहे हैं, उसमें लोगों का पैसा फस चुका है लोग परेशान हो रहे है कई लोगों का भुगतान बकाया रह गया है और जिनके परिवारों को रोजगार मिला था उनके हाथ से रोजगार गायब हो गया जो कि पूरा परिवार दरबदर ठोकर खाने में मजबूर हो चुके हैं।



शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCom
MCom
MA Hindi
MSC Chemistry/CS
BCA
DCA
PGDCA
MSW
B.Lib
PG Diplom in YOGA
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477
7880172431, 7880172432

## खबर संक्षेप



### मकान से जेवरात चोरी करने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गृह प्रवेश की रात मकान में चोरी कर लाखों रुपए के जेवरात समेत सामान पार करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि उमरपोटी निवासी शशी कुमार उपाध्याय के यहां 6 जून को गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के बाद सभी देर रात को अपने कमरे में सोने चले गए। तभी रात को अज्ञात मोबाइल समेत जेवरात पार कर फरार हो गए। सुबह उठकर देखने पर आलमारी के कई सामान गायब मिला था। पुलिस में शिकायत करने के बाद जांच शुरु हुआ। उतई पुलिस ने चोर को पकड़ने की तलाश में जुट गई। आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाला गया। कुछ संदिग्ध युवकों को शिनाख्त कर हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। जिसमें स्टेशन मरोदा एचएससीएल कालोनी दुर्गा मंदिर थाना नेवई निवासी अमित पाण्डेय, गौरव यादव उर्फ आसू , सुमीत पाल, एक अपचारी बालक, वार्ड 21 आशा नगर राजनांदगांव सलमान कुरैशी शामिल है। आरोपियों से पुछताछ करने पर पुलिस को बताया कि उक्त मकान से चोरी करना स्वीकार किया। जेवरात गले का हार 2 लाख , तीन मोबाइल कुल 3 लाख 7 हजार रुपए का जब्त किया गया है। कार्रवाई में डीएसपी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा।

### जयप्रकाश बने अध्यक्ष



**भिलाई।** नव युवा चेतना मंच जोन 2 चरोदा गणेश कमेटी की मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिकांत बघेल चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरीशंकर, पार्षद चंद्र प्रकाश पांडे मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से कमेटी का अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे, कोषाध्यक्ष सनातन ठाकुर को चुना गया। इस दौरान बैठक में तीज राम वर्मा विकास कुमार एम अरुण विशाल भौतिक गौतम महानंद, पी दिलीप, पी संजय, संतोष दास, राजू वर्मा, ए वासु, आशीष तिवारी, अविनास, दिलीप पटेल, अजय तिवारी शामिल थे।

# नई पीढ़ी के पैकेज्ड भोजन की पसंद से बढ़ रहा है टनों प्लास्टिक कचरा

## इंडिया संस्था ने किया प्लास्टिक प्रदूषण निदान पर परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा इंस्टीट्यूशन ऑफ प्लांट इंजीनियर्स छग चैप्टर के सहयोग से पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण पर परिचर्चा आयोजित हुई। मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी बिपिन कुमार गिरी और विशिष्ट अतिथि सिपेट के प्रधान निदेशक डां. आलोक साहू और डां. प्रबीर कुमार नायक, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, केन्द्रीय भूजल बोर्ड रायपुर थे। स्वागत भाषण में मानसेवी सचिव बसंत साहू ने दिया।

श्री गिरी ने कहा कि नयी पीढ़ी की पैकेज्ड भोजन की पसंद की वजह से प्लास्टिक कचरे में बहुत अधिक बढ़ा है। आज प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या अव्यवस्थित निपटान से हो रही है। सरकार और संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास कर रही है पर आम जनमानस की मानसिकता में बदलाव आने से ही हम प्रकृति और पर्यावरण कीरक्षा कर पायेंगे। वक्ता डां. डॉ. साहू ने कहा कि प्लास्टिक का प्रदूषण के लिए आम-जनमानस की सोच बहुत हद तक जिम्मेदार है। भारत में सिर्फ 60% प्लास्टिक वेस्ट की रीसाइक्लिंग हो पा रही है।



### पानी की कम खपत वाली फसल उत्पादन करें

डॉ. नायक ने कहा कि आज शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी, कृषि कार्य और उद्योग, सभी की निर्भरता भूजल पर बढ़ी है। कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक भूजल का ऊपयोग होता है, जिसमे प्रति किलोग्राम चावल के उत्पादन में 1500 से 2000 लीटर जल की खपत होती है। उन्होंने चावल के उत्पादन को आवश्यकता अनुसार करने तथा अन्य फसलों जिनमें पानी की खपत कम है, के उत्पादन पर जोर दिया। भिलाई केंद्र के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने कहा कि प्लास्टिक कचरा न सिर्फ ख़राब दिखता है बल्कि यह भूमि को भी प्रदूषित व उर्वरता को भी कम कर रहा है। उपाध्यक्ष बीपी यादव ने भी विचार व्यक्त किए। शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने स्वनिर्मित पर्यावरण अनुकूल इलेक्ट्रिक साइकिल का भी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में इंडिय संस्था के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, बीएसपी के पूर्व सीजीएम एसवी नंदनवार, पूर्व जीएम पीके नियोगी सहित आईआईटी, सेट/सेल, एनएस पीसीएल, एसीसी, मेकान के अधिकारी भी थे।

## लाइसेंस पर आवास आवंटन से समस्या का होगा समाधान

# टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की समस्या से हो रहा दोतरफा नुकसान

## हायर केटेगरी के आवासों की कमी, यूनियनों ने प्रबंधन से की लाइसेंसी आवास की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में क्वार्टरों के कब्जे की बढ़ती समस्या से बीएसपी के साथ कर्मचारियों को भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। मेन पावर कम होने के साथ ही आगे यह समस्या और भी विकट होती जाएगी। हायर क्वार्टरों की कमी को देखते हुए अतिक्रमण की समस्या के निदान के लिए अब लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। यूनियनों द्वारा कब्जे से निजात पाने के लिए बीएसपी प्रबंधन से लायसेंस पर आवास दिए जाने की पुरजोर मांग की जा रही है।

बीएसपी में पिछले लंबे समय से भर्ती बंद होने और कर्मियों के रिटायर होने से मेन पावर कम होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 1960,70 के दशक में बने टाउनशिप के बीएसपी आवासों वर्षों पुराने होने से जर्जर होते जा रहे हैं। इस बीच क्वार्टरों में बेजा कब्जे की समस्या भी वर्षों से लाइलाज बनी हुई है। इससे बीएसपी को पानी बिजली का नुकसान और कर्मियों को आवासों की किल्लत से गुजरना पड़ रहा है। कब्जे की समस्या के निदान के लिए यूनियनें हायर कैटेगरी के क्वार्टरों की संख्या कम होने को देखते हुए प्रबंधन से लायसेंस पर आवास उठाने की मांग कर रही हैं। इससे जरुरतमंदों को मकान मिलेगा और बीएसपी के राजस्व में इजाफा होगा। बीएसपी हर महीने कर्मियों को 5 करोड़ रुपए एचआरए देता है। उल्लेखनीय है कि बीएसपी कर्मियों के तेजी से रिटायर होने से मकान खाली हो रहे हैं लेकिन हायर कैटेगरीज के अवास कम हैं। यूनियन सूत्रों के मुताबिक टाउनशिप में कुल करीबन 38 हजार बीएसपी क्वार्टर हैं, जिन्हें बीएसपी कर्मियों के अलावा थर्ड पार्टी, रिटेंशन व लायसेंस आदि योजनाओं में भी आवंटित किया गया है। वर्तमान में बीएसपी कर्मचारी मात्र 11 हजार और जबकि उनके लिए विभिन्न कैटेगरी के मकानों की संख्या सिर्फ 1628 हैं। वहीं अधिकारियों की तादाद 2629 है जबकि उनके लिए क्वार्टर मात्र 1 हजार ही बचे हैं। इनमें सी-3 श्रेणी के ईक्यू -1 वाले 2460 क्वार्टर शामिल नहीं हैं।

**खास बातें**

- बीएसपी अधिकारियों की संख्या 2629 है जबकि ईक्यू-2 से केटेगरी 5 तक के आवास 1 हजार है
- कर्मचारी है 11 हजार जबकि मकान हैं 21 हजार



### एक्जीक्यूटिव व नॉन एक्जीक्यूटिव क्वार्टरों की संख्या

ईक्यू-1 कैटेगरी- 2460 क्वार्टर, ईक्यू-2-436 क्वा., ईक्यू-3 384, ईक्यू -4 -110,ईक्यू-5 152 मकान हैं। ईक्यू-1 के 2460 आवासों को छोड़कर कुल 1 हजार क्वार्टर टाउनशिप में स्थित हैं। जबकि एक्जीक्यूटिव 2629 है। वहीं नान एक्जीक्यूटिव 11 हजार कार्यरत हैं। कर्मचारियों के के एनक्यू-1 से एनक्यू 2 श्रेणी के कुल 21 हजार आवास हैं। एनक्यू-1 कैटेगरी के 13945 क्वार्टर, एनक्यू-2 के 7832, एनक्यू-3 के 1160, एनक्यू-4 में 4866 और एनक्यू-5 कैटेगरी के 1628 बीएसपी क्वार्टर हैं। जबकि कर्मचारी मात्र 11 हजार ही हैं। कर्मियों के एनक्यू-1 व 2 कैटेगरी के 21 हजार मकानों में 3 हजार अनफिट मकानों को डिस्मेंटर कल दिया गया है। वहीं 8 हजार क्वार्टर लायसेंस पर आवंटित हैं। 12 हजार रिटेंशनधारी हैं। वहीं 1 से 2 हजार मकान कब्जे में बताए जाते हैं। अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने यूनियनें प्रबंधन को हायर केटेगरी के क्वार्टरों को कमी को देखते हुए लायसेंस पर आवास आवंटित किए जाने का सुझाव दे रही हैं।

# राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी के महामाया माइंस के सीएसआर के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) के सहयोग से राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु हुआ। मुख्य महाप्रबंधक आरबी गहरवार थे। शिविर में आसपास के ग्रामों की 21 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक शिवेश कुमार, आईडीटीआर के निदेशक अमित गुप्ता व उप प्रबंधक केके वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के परिवेश में ड्राइविंग एक यथार्थवादी व्यवसाय और लाभ का माध्यम बन सकती है, जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगी।

- महिलाएं होंगी स्वावलंबी

### सावधानियों की दी जानकारी

उप प्रबंधक केके वर्मा ने प्रशिक्षुओं को व्यावसायिक उपयोगों और ड्राइविंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु महिलाओं को पहले लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता की जाएगी, जिसके पश्चात प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्हें स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में कलवर, महामाया सहित आसपास के ग्रामों की महिलाओं ने भाग लिया।

## पेज एक का शेष

### एफसीआई के चावल में

नाम नही छापने के शर्त पर एक मिलर ने बताया कि, केन्द्र पहले ही सब्सिडी देकर चावल बेच रही है, इसके बाद भी इथेनाल फैक्ट्री संचालक आय का रास्ता निकाल रहे हैं। उनका कहना है कि, बाजार भाव की पडताल कर टेंडर राशि तय किया जाना था। दरअसल इथेनाल बनाने के लिए कंपनी को कनकी और खंडा ही उपयोग करनी होती है। जबकि उन्हें एफसीआई अच्छी क्वालिटी का चावल दे रही है, जिसका फायदा उठाकर उसे मिलरों को सस्ते दर पर बेच जा रहा हैं। बदले में मिलर उन्हें कनकी और खंडा उपलब्ध करा रहे है। हरिभूमि ने नामी इथेनाल कंपनियों से जानकारी जुटाई है। जिसमें पता चला है कि, एफसीआई ने प्रदेश के रायपुर, राजनांदगांव और बेमेतरा जिले के इथेनाल कंपनियों से चावल का टेंडर किया है। एफसीआई इथेनाल कंपनी को 2250 रूपए प्रति क्विंटल पर चावल उपलब्ध करा रही है। इस चावल को इथेनाल कंपनियां मिलरों से मुनाफा कमाकर 2650 रूपए तक बेच रही है, वही मिलर इसे खुले बाजार में 28 सौ रूपए तक मुनाफा कमा रही हैं। चावल की खरीदी के बाद मिलर कंपनियों को प्रति क्विंटल 2250 रूपए के दर से खंडा और कनकी उपलब्ध करा रहे है। इस पूरे खेल में प्रति क्विंटल इथेनाल कंपनी को पाचं सो रूपए शुध्द लाभ हो रहा है। इथेनाल कंपनियों के अस्तित्व में आने के बाद प्रदेशभर में मिलर और कंपनियों के बीच सिडिंकेट शुरू हो गया है।

# एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी एएसी/एसटी एम्पलाइजएसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रतिनिधि मंडल भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता से मिलकर कर्मियों व ठेका मजदूरों की समस्याओं के जल्द निदान की मांग की। सीजीएम ने आश्वस्त किया है।

अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने सिंटर संयंत्र में गठित विभागीय समिति के पदाधिकारियों का परिचय दिया और संगठन की पत्रिका भेंट की। उन्होंने एस सी /एस टी अधिकारियों को ग्रेडिंग के मामले में मांग की कि एसोसिएशन को कुछ शिकायतें आईं हैं कर्मियों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। नियमित कर्मचारियों और संयंत्र में कार्यरत ठेका श्रमिकों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, विश्राम कक्ष, केन्टीन आदि समस्याएं भी जल्द पूर्ण हों। सीजीएम ने आश्वस्त किया कि जहां सुधार की आवश्यकता है वहां सुधार और मरम्मत कार्य चल रहा है। सिंटर प्लांट की शिकायत पर उन्होंने बताया किकभी-कभी नोजल की खराबी या मोटर पम्प की खराबी के कारण से यह समस्या आ जाती है परतु उसे ठीक कर लिया जाता है। ऊपर से गिरते डस्ट को नीचे तक बिना उडे पहुंचाने की तकनीक पर कार्य कर रहे हैं जिससे फाईन डस्ट की समस्या से बहुत हद तक छुटकारा मिल सकता है। महासचिव विजय कुमार रात्रे ने सिंटर संयंत्र एवं ओएच पी के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के नियमित कर्मचारियों को अंतर संयंत्र प्रशिक्षण के लिए भेजे जाने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष चेतन लाल राणा, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार खेलवार, विभागीय समिति के अध्यक्ष मोहित ठाकुर, सचिव जसवंत नेताम, कोषाध्यक्ष उदय कुमार राम, उमेश कुमार सूर्यवंशी शामिल थे।

- कर्मियों व मजदूरों की समस्याओं का जल्द हो निदान

# गुणवत्ताविहीन कार्यों का भुगतान रोकेगा रिसाली निगम, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसाली

नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने विजिट के दौरान ठेकेदारों को दो टूक कहा है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्य पर निगम भुगतान नहीं करेगा। दरअसल वे निगम क्षेत्र में निर्माणधीन कार्य का निरीक्षण लगातार कर रही है। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में बनने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा।

महापौर सिन्हा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्यो की फाइल को आगे न बढ़ाए। जांच में प्रथम, द्वितीय किस्त जारी करने पर सीधे अधिकारी के खिलाफ गुणदोष के आधार पर कार्यवाही करने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कई जगह पर चल रहा है। इस कार्य को अधिकारी सूक्ष्मता से देखे। महापौर शशि ने स्थल चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख के साथ वार्ड 17 शिव पारा, वार्ड 19 विजय चौक, वार्ड 20 शंकर पारा, वार्ड 26 अवधपुरी में निर्माणधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण की।

- रिसाली महापौर ने औचक निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



### 300 चयनित स्थानों में 85 पर काम आरंभ

निगम क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने और बारिश के पानी को सहेजने लगभग 300 स्थानों का चयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने किया गया है। उक्त कार्य अनुराग शर्मा और मेसर्स रविन्द्र भगत द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही एजेंसी अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 85 चिन्हित स्थानों पर कार्य आरंभ किया है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## एक्सटेंशन बैच का केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम शुरु

# सेल के प्रबंधन तकनीकी प्रशिक्षु होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई






स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) एक्सटेंशन बैच के केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई निवास में शुरु हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन सेल के निदेशक केके सिंह ने वर्चुअली माध्यम से जुड़कर किया। निदेशक और भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार मनीष राज गुप्ता ने भी वर्चुअल माध्यम से नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षुओं की हौसलाअफाजाई। शुभकामनाएं दीं।मंच पर ईडी एस मुखोपाध्याय, पवन कुमार, राकेश कुमार, व संजय धर उपस्थित थे।


कार्यक्रम मेंग्लिम्प्सेस फ्रॉम ऑनबोर्डिंग ऑफ एक्सटेंशन बैच ऑफ सेल एमटीटी और 'इंट्रोडक्शन टू सेल शीर्षक से प्रस्तुत दो परिचयात्मक वीडियो के साथ हुई, जिनके माध्यम से प्रशिक्षुओं को सेल की कार्यप्रणाली और अधोसंरचना की झलक प्रदान की गई। इसके पश्चात कुछ प्रशिक्षुओं ने सेल से अपनी अपेक्षाएं साझा कीं।

श्री सिंह ने कहा कि हमने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, परन्तु हर परिस्थिती में हम टिके रहे हैं। मात्र परिस्थिति का सामना करना पर्याप्त नहीं है। अब आवश्यकता है नवोन्मेष और योगदान की।श्री गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण अवधि आपके लिए सीखने व उत्कृष्टता का अवसर लेकर आई है। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, और मानसिक-शारीरिक कल्याण को प्राथमिकता देने की सलाह दी। ईडी एस मुखोपाध्याय ने प्रशिक्षुओं से समाज और पर्यावरण के हित में कार्य करने का आग्रह किया।

### 57 प्रशिक्षु ले रहे भाग

ईडी राकेश कुमार एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर ने भी अपने विचार व्यक्त किए और प्रशिक्षुओं को सेल में आगे बढ़ने और सीखने के अनुकूलतम अवसर मिलने का विश्वास दिलाया। पवन कुमार ने स्वागत भाषण दिया। संदीप माथुर ने कार्यक्रण में धन्यवाद ज्ञापन व संचालन उप प्रबंधक सुष्मिता पाटला ने किया। नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षु 18 जून तक चलने वाले 12 दिवसीय केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, जिसे भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न संकायों द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके बाद प्रशिक्षुअपने नियोजित संयंत्रों में कार्यभार ग्रहण करेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से- 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)

11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

02



आईआईटी भिलाई और जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ सीजेन के बीच एमओयू

लाइव इवेंट

## प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने लगाए फलदार व छायादार पौधे



**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की भिलाई 3 ईकाई ने स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ को हरियर छत्तीसगढ़ बनाने के महा अभियान में योगदान दिया। हरियर छत्तीसगढ़ की परिकल्पना और लोगों के अंदर वृक्षारोपण कार्य का महत्व की जागरूक हो सके। इस उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शिखर अग्रवाल ने फलदार, छायादार पेड़ लगाए। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने बताया कि प्रत्येक नागरिक इस वर्षा ऋतु में एक पौधा अवश्य लगाएं, अपने जीवन में पेड़ लगाना पुण्य का काम है। पौधे बड़े होकर ग्रीष्म ऋतु में छाया, शुद्ध आक्सीजन छोड़ते हैं ओर फल देते हैं कार्बन डाइऑक्साइड का शोषण करते हैं जिससे वातावरण शुद्ध होता है। डॉ शिखर अग्रवाल ने कहा पौधा रोपण करके उनकी सुरक्षा पौधे से पेड़ बनने तक पानी देना और जानवरों से सुरक्षित रखने ट्री गार्ड लगाना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा लेते हुए अपने परिजनों के नाम एक पौधा लगाकर संरक्षण करते हुए लोगों को इसके लिए प्रेरित ओर जागरूक करने संकल्प लिया। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही आर विश्वास, प्रज्ञा कुशवाहा, डॉ नीतिन कश्यप, तृप्ति चंद्राकर, आलिया खातून, उषा वर्मा, पी स्वामी, वर्षा सुल्लेरे, यशवंत साहू, जितेन्द्र पटेल, कुमेश साहू, नीना चक्रवती, वेगु गवेल, हेमलता निर्मलकर, संजय सेन, नारायण साहू, भोज बाई देशमुख, थानेशवरी साहू देवीला, राज, विजय, लक्ष्मी, भूपेंद्र सिंहा, डुमेशवर यादव, समीर रात्रे, गुलशन खलको, के वेंकट राव, हिमांशु सूर्यवंशी, जय सिंह कोठारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

- छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का आयोजन

सिटी इवेंट

## राधा कृष्ण का किया दिव्य अलंकार, कराया नौकायन



**भिलाई।** हरे कृष्णा मूवमेंट सेक्टर-6 अक्षय पात्र के प्रांगण में सोमवार की शाम को कोलकाता के पास स्थित पानीहाटी स्थान का धार्मिक महोत्सव चैतन्य महाप्रभु के शिष्य रघुनाथ दास भगवान के स्मरण दिवस के रुप में दही चिवड़ा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण का दिव्य अंलकार कर पालकी यात्रा निकाली गई और नौकायन भी कराया गया। जिसके बाद सभी को दही चिवड़ा का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान काफी संख्या में हरे कृष्ण मूवमेंट से जुड़े अनुयाइयों में भक्ति भाव के साथ हरे कृष्ण का जाप करते हुए झूमते रहे। यह उत्सव ब्रम्ह माधव गौड़ीय सम्प्रदाय के एक श्रेष्ठ आचार्य रघुनाथ दास गोस्वामी के संन्यास लेने की स्मरण तिथि के रूप में मनाया जाता है। रघुनाथ दास भगवान चैतन्य महाप्रभु के शिष्य थे। अत्यंत धनी परिवार में जन्म होने के बावजूद रघुनाथ दास ने कठोर वैराग्य का पालन करके संन्यास धर्म का पालन किया। इस दिन मंदिर में भगवान राधा कृष्ण का दिव्य अलंकार किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर को पुष्पों से सुसज्जित किया गया। शाम 6.45 बजे से संध्या आरती एवं कीर्तन से उत्सव का आरंभ हुआ, जिसमें भगवान के नाम के दिव्य मंत्र उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। जिसके बाद जल क्रीड़ा उत्सव में भगवान श्री निताई गौरांग को नाव में बिठाकर नौकायन कराया गया। इस दौरान सभी भक्तों को भिन्न-भिन्न प्रकार के दही चिवड़ा प्रसाद वितरित किया गया। भगवान की महा आरती के बाद महाप्रभु का दिव्य पालकी उत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान पालकी में प्रभु को झूला झूलाते हुए भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर सभी भक्त हरे राम-हरे कृष्णा का मंत्र जप करते हुए पारंपरिक वाद्य यंत्रो की धुन में नाचते झूमते प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिये। इस अवसर पर भक्तों को महा प्रसाद वितरित किया गया।

- हरे कृष्णा की धुन में निकली पालकी यात्रा
- पानी हाटी दही चिड़ा महोत्सव



पांचों जोड़ो की गाजे-बाज के साथ निकली बारात, पारंपरिक रीति-रिवाजों से हुआ पाणिग्रही संस्कार

# विवाह के फिजूल खर्च से बची राशि बेटे-बेटियों के भविष्य में आएगी काम, आदर्श विवाह में 5 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति दुर्ग के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह महाराणा प्रताप मंगल भवन शंकर नगर दुर्ग में आयोजित किया गया था। इस दौरान पांचों जोड़े सभी रस्म और रिवाज के साथ परिणय सूत्र में बंधे। समाज के वरिष्ठ सहित सभी सदस्यों ने मंत्रोच्चार के बीच नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा की गई। आयोजन को देखकर उपस्थित अन्य समाज के लोगो ने इस पहल की सराहना करते हुए सभी के हित में ऐसे सामाजिक पहल अपनाने की बात कही।





### तीन कन्याओं का दिया पंजीयन शुल्क

इस अवसर पर 3 कन्या पक्ष के आवेदन पर महासभा के सहसचिव सत्येन्द्र राजपूत, वीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष जगदलपुर की ओर से एक-एक कन्या पक्ष का पंजीयन शुल्क भी दिया गया। इस अवसर पर उप समिति दुर्ग के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, सचिव दीपक राजपूत, महिलाध्यक्ष बिंदु भुवाल, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह राजपूत, महिला सचिव गीता राजपूत, युवाध्यक्ष आयुष राजपूत, सचिव अनिकेत सिंह, सह सचिव रोशन सिंह राजपूत, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

**राजपूत समाज की सामाजिक पहल को अन्य समाजों ने सराहा**

**भिलाई।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ के प्रचार सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि समाज को फिजूल खर्ची से बचाने, राजपूत समाज के सभी सदस्यों को आदर्श सामूहिक विवाह के लिए प्रेरित करने और समाज को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन हर वर्ष जारी रहेगा। केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने कहा कि समाज के लोग चाहे वह आर्थिक रूप से सक्षम हो या निर्धन, सभी वर्ग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा है। ताकि समाज के लोग बिना संकोच के बाहरी आडंबर और फिजूल खर्ची से बचें और विवाह में जो राशि की बचत होगी, वह बेटे-बेटियों के भविष्य को बनाने में उपयोग हो सके। इसके बाद महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने उपहार और हीरा सिंह पवार, कांकेर ने सभी जोड़ों को 11-11 सौ रुपए, श्रुति राजपूत, अनिमेष राजपूत ने उपहार, उपसमिति भिलाई के युवाध्यक्ष दीपक सिंह ने उपहार भेंट किया।



### पांचों दूल्हो की बैंड बाजे के साथ निकली बारात



राजपूत समाज के आदर्श विवाह में अजय-आरती राजपूत, नारायण-संगीता राजपूत, अजय सिंह-शबनम राजपूत, हरेंद्र कुमार-दीप्ति सिंह, कुंदन सिंह- दुर्गा सिंह परिणय सूत्र में बंधे। शंकर नगर कुर्मी भवन से सभी दूल्हों की बारात बैंड बाजे के साथ निकली और आतिशबाजी करते हुए महाराणा प्रताप मंगल भवन पहुंची। विवाह मंडप में पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच सभी सात फेरे लिए। इसके बाद समाज के वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया। महासभा की ओर से भी सभी को उपहार दिया गया। इससे पहले महाराणा प्रताप की प्रतिमा में माल्यार्पण कर पूजा। आयोजन को देखकर विवाह में शामिल हुए अन्य लोगो ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक पहल सभी समाजों में आज की जरुरत बन गए। सभी को ऐसे कदम उठाना और अपनाना चाहिए।

# भिलाई के कराते खिलाड़ी देहरादून में छत्तीसगढ़ का करेंगे प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** उत्तराखण्ड देहरादून के परेड ग्राउंड मे केडेट जूनियर एवं सब जूनियर नेशनल कराते चैंपियन शिप का आयोजन 11 जून से 15 जून तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें जवाहर नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की कोच बी अपर्णा चक्रवर्ती और बी कल्याण के मार्गदर्शन में दो खिलाड़ी साक्षी शर्मा और श्रीसोनी इस कराते स्पर्धा में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।


इस दल ने 9 जून को दुर्ग से प्रस्थान किया था। दुर्ग स्टेशन पर इन बच्चों के माता-पिता ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें देते हुए विदा किया। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ कराते संघ के कोषाध्यक्ष डी. रमेश ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के साथ सफलता की कामना की।



उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती है इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। हर और जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है जी जान लगाकर खेलना और जीत के लिए कोशिश करना। इस दौरान उपस्थित सभी लोगो ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## कबीर प्राकट्य महोत्सव कल, गुरु वंदना कर होगी चौका आरती

**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में बुधवार को 628वाँ कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा। एक दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान मंगल कलश स्थापना, गुरु वंदना, मंगलाचरण, बीजक पाठ, ध्यान योग और भजन के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मंगल साहेब आचार्य कबीर मठ नादिया जिला राजनांदगांव, संत सतेन्द्र साहेब धर्माधिकारी कबीर मठ नादिया जिला राजनांदगांव उपस्थित रहेंगे। इन संतों द्वारा वर्तमान संदर्भ में सदगुरु की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत किया जाएगा।



कार्यक्रम के अंत में चौका आरती होगी। इस दौरान समिति के ट्रस्टी गण, प्रबंधन समिति, महिला और युवा पदाधिकारी के अलावा कबीर पंथी, धार्मिक गण और सत्संग प्रेमी उपस्थित रहेंगे।

बीएसएफ के जवानों को तकनीकी शिक्षा देगी रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी

# बीएसएफ और संतोष रूंगटा ग्रुप के बीच हुआ एमओयू जवानों व उनके बच्चों को तकनीकी शिक्षा में मिलेगी छूट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारत की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए सीमाओं पर तैनात देश की पहली रक्षा पंक्ति बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों और उनके बच्चों को अब भिलाई स्थित रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में रियायली शुल्क पर शिक्षा मिलेगी। रूंगटा यूनिवर्सिटी संभवत: देश की पहली ऐसी निजी यूनिवर्सिटी बन गई है, जिसमें बीएसएफ के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए सीटें रिजर्व कर दी गई हैं। रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में एडमिशन के दौरान बीएसएफ के जवान और परिवार सदस्य को ट्यूशन फीस में 50 फीसदी की छूट मिलेगी।



**डीजी बीएसएफ रहे मौजूद:** बीएसएफ के दिल्ली मुख्यालय में हुए इस एमओयू के दौरान बीएसएफ के डायरेक्टर जनरल दलजीत सिंह चौधरी और आईजी विजय कुमार थापलियात और रूंगटा ग्रुप से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, डॉ. सौरभ रूंगटा और डॉ. संजीव शुक्ला ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह पहली बार हुआ है जब किसी सैन्य बल ने निजी शैक्षणिक संस्थान पर इतना भरोसा दिखाया है। यूनिवर्सिटी के एक्सीलेंस एकेडमिक स्ट्रक्चर और सामाजिक हित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए बीएसएफ ने पैन इंडिया लेवल पर अपनी तमाम बटालियन के जवानों और उनके परिवार के लिए यह सुविधा दी है। छत्तीसगढ़ में भी बीएसएफ की बाटालियन मौजूद है, जो विभिन्न जिम्मेदारियों को बखुबी पूरी कर रही है। इस अनुबंध के बाद अब बीएसएफ के जवानों और उनके बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर संस्थान मिल जाएगा। रूंगटा ग्रुप भी देश की सेवा में तत्पर जवानों के लिए अपना सामाजिक दायित्व निभाएगा। नए एकेडमिक सेशन से जवानों और उनके बच्चों को एडमिशन मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भिलाई स्थित बीएसएफ बटालियन से लेकर देशभर में तैनात बीएसएफ के जवान इस पहल में शामिल होकर उच्च शिक्षा हासिल कर सकेंगे। हाल ही में रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और बीएसएफ के बीच इस शिक्षा समझौते को लेकर एमओयू किया गया।

### पहले एसएसबी और सीआरपीएफ से भी एमओयू

रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने इससे पहले सशस्त्र सीमा बाल और सीआरपीएफ के साथ भी एमओयू किया है। इसमें भी जवानों को रियायती ट्यूशन फीस के साथ इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, साइंस और फार्मेसी की शिक्षा दी जाएगी। इन एमओयू के बाद से ही कई सारे जवान और उनके परिवारों के सदस्यों ने रूंगटा ग्रुप के साथ जुड़ कर अपने शानदार भविष्य की शुरुआत की है।

### शिक्षा मुहैया कराना हमारा दायित्व

यह देश में पहली मर्तबा है जब बीएसएफ ने अपने जवानों और उनके बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए हजारों निजी संस्थानों के बीच रूंगटा ग्रुप को चुना है। हमारी कोशिश होगी कि बीएसएफ के भरोसे पर हमेशा खरे उतरें। रियायती शुल्क पर शिक्षा मुहैया कराना हमारा दायित्व होगा।

-संतोष रूंगटा,
चेयरमैन, रूंगटा आर-1 ग्रुप

## सिटी इवेंट

# सोसाइटी डेढ़ करोड़ के लाभ में, सदस्यों ने जताई खुशी



**भिलाई।** बीएसपी एम्पलाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2024-25 में 1 करोड़ 49 लाख, 14 हजार 548 रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। सेक्टर-4 के स्ट्रीट 6-7 के समक्ष स्थित बंगीय कृष्टि परिषद (बीकेपी) क्लब भवन में रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुई सोसाइटी की सालाना आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने स्वागत भाषण दिया। दिन भर चली आमसभा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई और अध्यक्ष व संचालक मंडल ने साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया। शुरूआत में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि वित्तीय पत्रकों एवं संस्था की प्रगति के आधार पर विगत वर्षों से संस्था को 'अ' वर्ग का दर्जा है, जो कि सोसाइटी के लिए गौरव की बात है। आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि पिछली आमसभा में सोसाइटी को बेहतर ढंग से संचालित करने सदस्यों व पदाधिकारियों के सुझावों पर अमल करते हुए कई फैसले नई कार्यकारिणी ने लिए हैं। जिन्हें अब लागू किया गया है। जिसमें सोसाइटी का कार्यालयीन समय दोपहर 1 बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक होने से तीनों शिफ्ट के बीएसपी कर्मियों को अपना नियमित कामकाज करवाने में आसानी हुई है। एक जनवरी 2022 से आकस्मिक ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ा कर दो लाख और नियमित ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख रूपये कर दी गई है। श्री देवांगन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि ऋण वसूली सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जिनमें 2 अग्रिम चेक तथा लंबे समय से ऋण की किश्त जमा नहीं करने वाले डिफाल्टर सदस्यों और उनके जमानतदारों को पत्र भेजना शुरू किया गया है, संस्था को कंप्यूटरीकृत करवाने विवरण एकत्र कर प्रविष्टि का कार्य जारी है।

- वित्तीय पत्रकों एवं प्रगति के आधार पर सोसाइटी को 'अ' वर्ग, सदस्यों के हित में लिए गए फैसलों की दी जानकारी

## स्पोर्ट्स इवेंट

# योगेश ने तीसरी बार नेशनल चैंपियन में जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश यादव गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर एक बार फिर नेशनल चैंपियन बन गए है। उनकी यह जीत छत्तीसगढ़ महतारी के लिए तीसरा गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल करना गौरव का विषय है। संयुक्त भारत खेल फेडरेशन हिंदू ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में गोवा मुंबई के नेशनल गेम्स में 100 मीटर और 200 मीटर में गोल्ड और 200 मीटर में सिल्वर मेडल जीत कर योगेश ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ महतारी का मान बढ़ाया है। कुछ वर्षों से नेशनल चैंपियनशिप के दौरान दुर्ग जिले के योगेश लगातार छत्तीसगढ़ के लिए गोल्ड मेडल जीतते आ रहे हैं। इसी बीच योगेश ने छत्तीसगढ़ के लिए तीसरा गोल्ड मेडल गोवा मुंबई के नेशनल चैंपियनशिप में हासिल किया।

- छत्तीसगढ़ दुर्ग जिले के योगेश यादव बने नेशनल चैंपियन

## लाइव इवेंट

# खेलों से शारीरिक के साथ सामाजिक कौशल में भी होता सुधार



**भिलाई।** रोल बॉल स्टेट टूर्नामेंट त्रिवेदी कप सीजन-4 की शुरुआत मरोदा सेक्टर भिलाई स्थित आत्मानंद गार्डन में की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। इस अवसर पर विधायक ने सभी 12 टीमों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और नेतृत्व के गुण सिखाते हैं। ये हमें चुनौतियों का सामना करने और उन्हें पार करने की क्षमता प्रदान करते हैं। खेल हमें आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच की दिशा में भी बढ़ावा देते हैं, खेल के माध्यम से हम न केवल अपने शारीरिक कौशल में सुधार करते हैं, बल्कि हम अपने सामाजिक कौशल में भी सुधार कर सकते हैं। खेल हमें मित्रता, सहयोग, और सम्मान की भावना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब खेल के महत्व को समझें और अपने जीवन में इसका हिस्सा बनाएं। खेल हमें एक स्वस्थ, सकारात्मक, और सफल जीवन जीने में मदद करेंगे। कार्यक्रम में पप्पू चंद्राकर, अनुपम साहू, राजू जंघेल, अर्चना कौर, केशव बंछोर, सरिता देवांगन, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, प्रदीप कुमार, ए. श्रीनिवास, हरपाल सिंह, ए.एल. चौहान, जानकी रमैया, राजू राम, आसपुरण चौधरी आदि मौजूद थे।

## मेडिटेशन द्वारा समस्याओं का समाधान विषय पर अभ्यास के साथ दिए टिप्स

# शिव बाबा के शक्तियों की छतरी के नीचे दुख व तनाव नहीं होता, परमात्मा की छत्रछाया महसूस कर जीने की आदत डालें

**भिलाई। सामान्यतया हम सभी समझते हैं शारीरिक आसन या प्राणायाम योग है । जबकि मेडिटेशन का अर्थ है योग या जोड़ (कनेक्शन)। आत्मा के मन और बुद्धि के तार परमात्मा के साथ जोड़ना। मेडिटेशन यानी विचार शून्य होना नहीं, बल्कि नेगेटिव, वेस्ट विचारों को खत्म करना होता है। छतरी बारिश-धूप से बचाती है वैसे ही शिव बाबा की शक्तियों की छतरी के नीचे दु:ख, बीमारी, भय, तनाव का अनुभव नहीं होगा। अब आप परमात्मा के छत्रछाया के नीचे है ये महसूस करते हुए जीने की आदत डालिये। मेडिटेशन से तनाव मुक्ति के लिए यह गूढ़ बातें पीस ऑडिटोरियम में ब्रम्हाकुमारी पूनम बहन ने कही।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित नौ दिवसीय अलविदा तनाव शिविर के छठवें दिन के सत्र "मेडिटेशन द्वारा समस्याओं का समाधान" विषय पर बीके पूनम ने मेडिटेशन कराते हुए तनाव मुक्ति का मंत्र भी दिया।**





### परमात्मा से सारे रिश्तों का मेडिटेशन से करें अनुभव

बीके पूनम ने कहा कि राजयोग द्वारा परमपिता परमात्मा से सारे रिश्तों का अनुभव हम मेडिटेशन में करते हैं। इसमें परमात्मा से मांगा नहीं जाता बल्कि संबंध जोड़ने से स्वतः सर्व प्राप्तियां हो जाती हैं। हर चीज का अपना गुण होता है जैसे पानी का गुण शीतल, सूर्य का गुण गर्मी वैसे ही आत्मा के सात मूल गुण हैं सुख, शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता, ज्ञान और शक्ति। ठीक ऐसे ही हर एक व्यक्ति का अपना एक स्वभाव होता है जिसे आप परमात्मा से जुड़कर स्वयं महसूस कर सकते है या जान सकते है। तभी आपका व्यक्तित्व विकास होगा और अपने आप तनाव मुक्त महसूस करेंगे।

**शक्तियों की छतरी का अनुभव:** छठवें दिन के अभ्यास के लिए उन्होंने स्प्रीचुअल इंजेक्शन (मंत्र) दिया मैं सर्वशक्तिवान परमात्मा की छत्रछाया के नीचे हूँ। इसका स्पष्टीकरण देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे वो छतरी बारिश-धूप से बचाती है वैसे ही शिव बाबा की शक्तियों की छतरी के नीचे दुःख, बीमारी, भय, तनाव का अनुभव नहीं होगा। अब परमात्मा की छत्रछाया की नीचे जीने की आदत डालिये। अंत में ध्यान उत्सव मनाया गया जिसके लिए मंच को बहुत सुंदर छतरियों से सजाया गया था। इस मेडिटेशन अभ्यास के बाद हरेक को परमात्मा के साथ व सुरक्षा का अनुभव हुआ। शिविर बुधवार तक शाम 7 से 8.30 बजे तक चलेगा।




### पवित्रता में हीलिंग पावर, परमात्मा की शांति करें महसूस

मेडिकल साईंस की रिसर्च के अनुसार पवित्रता में हीलिंग पावर है। परमात्मा के बाद दूसरा डॉक्टर है हमारा अंतर्मन और तीसरा है दुनिया के वास्तविक डिग्री हासिल किये हुए डॉक्टर। बीके पूनम ने कहा कि घर में एक स्थान फिक्स कर लें। वहां बैठ कर रोज अभ्यास करें कि परमात्मा की शांति के प्रकम्पन(कंपन) मुझ पर आ रहे हैं, फिर घर की एक-एक कमरे व व्यक्ति को जा रहे हैं। इससे दुःख, तनाव, विघ्न, बीमारियां खत्म होने लगेंगी। कोई 1 मिनट में क्रोध या अशांति के प्रकंम्पन फैला देते हैं तो हमें 1 मिनट में शांति के प्रकम्पन फैलाने का अभ्यास करना है।

## आयोजन...

# हर हर महादेव की गूंज... निकुम में शिव महापुराण के कथा स्थल का हुआ भूमिपूजन



**निकुम।** अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के श्रीमुख से 19 जून से 23 जून तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक शिवमहापुराण की कथा का आयोजन स्व.पुकेष्वर सिंह भारदीय कॉलेज मैदान निकुम मे किया जायेगा। आयोजन की तैयारी के लिए सोमवार को प्रदोष तिथि में कथास्थल पर भूमिपूजन किया गया। इस दौरान हर हर महादेव गूंजायमान रहा। इस अवसर पर काफी संख्या में आयोजकों के साथ शिव भक्त मौजूद रहे। स्व.पुकेष्वर सिंह भारदीय कॉलेज मैदान में सोमवार की शाम 5 बजे भूमिजन पं. भावेश पांडे द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गौरी-गणेश का पूजन, ध्वज पूजन व विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा मिलकर सामूहिक भूमिपूजन किया। इस भव्य आयोजन की तैयारी में पूरे निकुम सहित अंचल के ग्रामीण जुड़ कर सेवा करने का संकल्प लेकर हजारों शिव भक्तों ने हर-हर महादेव की गूंज के जयकारे लगाये। पूजा में संयोजक प्रमुख रुपेश देशमुख व जनपद सदस्य लीलावती देशमुख सहित आयोजन में सभी शामिल हुए। अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा शिवमहापुराण की कथा को सुनने दूर दराज से लोग शामिल होंगे। भूमिपूजन के दौरान रुपेश ने कहा कि सभी का जनसहयोग मिल रहा है, वही तीन डोम, वाटर प्रुफ डोम सहित टेन्ट लगेंगें, 50 एलईडी टीवी स्क्रीन से कथा को श्रध्दालु सुन सकेंगे। प्रतिदिन स्टेडियम में लाखों भक्तों के लिए भोजन भंडारा की व्यवस्था रहेगी। मैदान में महिला समूहों ने श्रमदान कर सफाई कर रहे है। मुरम फीलिंग कार्य हो गया है,



वही भक्तों के लिए प्रवेश द्वार सहित पंडित प्रदीप मिश्रा के लिये सुरक्षित अलग गेट की व्यवस्था की जा रही है। जिसमें आमलोगो का प्रवेश वर्जित रहेगा। व्हीव्हीआई, व्हीआईपी व्यवस्था, हैलीपेड सहित सहित सड़क मार्गो पर सूचना साइन बोर्ड पर दार्शायी जायेगी। आयोजको की टीम काथ में आने वाले श्रध्दालुओ को पुरी सुविधा व राहत देने दिन-रात धर्मकार्य में जुटी हुई है। इस भूमिपूजन के आयोजन में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग माया बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नंदकुमार साहू, सलाहकार हालेकोसा दिनेश साहू, उपसरपंच निकुम गोपेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, श्री शिवायःनमस्तुभ्य ग्रुप के सदस्य दीपक साहू, हरीश साहू सहित सहित इस आयोजन में संरक्षक विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चन्द्राकर, पाटेष्वर धाम गुरुदेव बालक दास, सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, तारा शर्मा सहित सभी इस आयोजन में सहयोग कर रहे है।

## सेंसर टेक्नोलॉजी पर होगा संयुक्त केंद्र का निर्माण

# आईआईटी भिलाई और जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ सीजेन के बीच एमओयू



**भिलाई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई और जर्मनी की प्रतिष्ठित सिएगेन जर्मनी विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देना है, साथ ही दोनों संस्थानों के छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक स्तर पर अवसर प्रदान करना है। इस एमओयू के अंतर्गत एक विशेष पहल के रूप में "सेंसर टेक्नोलॉजी" पर एक संयुक्त केंद्र की स्थापना की जाएगी, जो आईआईटी भिलाई परिसर में होगा। यह केंद्र दोनों संस्थानों के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जाएगा और आधुनिक सेंसर टेक्नोलॉजी पर अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर भारतीय दूतावास, जर्मनी से डॉ. बनर्जी भी उपस्थित रहे और उन्होंने इस सहयोग की सराहना की। समझौते पर दोनों संस्थानों के प्रमुखों ने सिएगेन विश्वविद्यालय में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने इसे भारत-जर्मनी के बीच अकादमिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। इस समझौता ज्ञापन से अंतःविषयक अनुसंधान और नवाचार के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है, जिससे स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट बुनियादी ढांचे और पर्यावरण निगरानी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक ज्ञान पारिस्थितिकी तंत्र और औद्योगिक अनुप्रयोगों में योगदान मिलेगा।

> अकादमी रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में कदम

## अहिल्या बाई जयंती पर संत गजानन मंदिर हुडको में हुआ आयोजन

# युवा पीढ़ी को धर्म से जोड़ने भरथरी शैली में दी अहिल्याबाई के नाटक की प्रस्तुति, उनके चित्रों की लगी प्रदर्शनी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** माता अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मजयंती वर्ष पर संस्कार भारती छग और संत गजानन मंदिर हुडको के संयुक्त तत्वावधान में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों द्वारा माता अहिल्या बाई के जीवन प्रसंगो को भरथरी शैली में संगीत व नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई। नाटक का उद्धेश्य नई पीढ़ी को रानी अहिल्याबाई के कार्यों, सनातन धर्म और आध्यात्म से परिचय करना था।



### माता अहिल्या के 55 चित्रों की लगी प्रदर्शनी

इस के अवसर पर सुबह 11 बजे माता अहिल्याबाई के जीवन प्रसंग पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चित्रकारों के 55 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। चित्रकार गौतम शील और मनीष ताम्रकार की देखरेख में बच्चों को चित्रकारी के गुर सिखाए गए। शाम को मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति शर्मा के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ध्येय गीत से की गई। इसके बाद भरथरी शैली में रानी अहिल्याबाई के जीवन प्रसंग पर प्रांजल सिंह राजपूत व साथियों ने प्रस्तुति दी।

### नाटक के माध्यम से नई पीढ़ी को दी जानकारी

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई की प्रस्तुति हुई, जिसकी मुंबई की लेखिका कविता विभावरी थी। नाटक का निर्देशन निशु पांडेय भिलाई ने किया। नाटक का उद्धेश्य नई पीढ़ी को रानी अहिल्याबाई के कार्यों, सनातन धर्म और आध्यात्म से परिचय करना था।संयोजक हेमंत सगदेव कहा कि ख्यातिप्राप्त कलाकारों और विशिष्ठ व्यक्तियों ने उपस्थिति दी। मंच संचालन डॉ. ज्योति धारकर ने किया। आयोजन में मुख्य अतिथि जिला संघ चालक राष्ट्रीय सवयंसेवक संघ गंगाधर जाधव, प्रांत सह महामंत्री डॉ. पुरषोतम चंद्राकर, संस्कार भारती के प्रदेश अध्यक्ष रिखी क्षत्रिय, पद्मश्री जागेश्वर यादव, कीर्ति व्यास, गजानन मंदिर के संस्थापक बसंत कापरे मौजूद थे।



वैदिक ज्योतिष

## 12 महीने बाद बनेगा बुधादित्य राजयोग, इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम



वैदिक पंचांग मुताबिक ग्रह समय- समय पर राशि परिवर्तन करके शुभ और राजयोग का निर्माण करते हैं। आपको बता दें 15 जून को सूर्य के गोचर से मिथुन राशि में बुधादित्य राजयोग का निर्माण होने जा रहा है। यह राजयोग व्यापार के दाता बुध और ग्रहों के राजा सूर्य देव की युति से बनेगा। जिसका प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलेगा। लेकिन 3 राशियां ऐसी हैं, जिनको इस समय विशेष धनलाभ और मान- सम्मान, प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। आइए जानते हैं ये राशियां कौन सी हैं

**मिथुन राशि :** बुधादित्य राजयोग मिथुन राशि के जातकों को अनुकूल साबित हो सकता है। क्योंकि यह योग आपकी राशि से प्रथम स्थान पर बनने जा रहा है। इसलिए इस अवधि आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। इस दौरान सामाजिक रूप से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। जो लोग साझेदारी में व्यापार करते हैं उन्हें कोई नया साझेदार मिल सकता है। साथ ही इस समय सूर्य देव के प्रभाव से आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।

**वृष राशि :** वृष राशि के लोगों को बुधादित्य राजयोग का बनना सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली से दूसरे भाव पर बनने जा रहा है। इसलिए इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं। जो लोग मीडिया, लेखन, या कला के क्षेत्र से जुड़े हैं इस दौरान उनकी प्रतिभा देखने लायक होगी। नौकरी में प्रमोशन और बिज़नेस में लाभ होने के पूरे योग हैं।

**तुला राशि :** बुधादित्य राजयोग का बनना तुला राशि के लोगों को लाभप्रद साबित हो सकता है। क्योंकि यह राजयोग आपकी गोचर कुंडली से भाग्य भाव में बनने जा रहा है। इसलिए इस समय आपको भाग्य का साथ मिल सकता है। साथ ही आप देश- विदेश की याभा कर सकते हैं।घर- परिवार में कोई धार्मिक या मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है।साथ ही इस दौरान आपके बैंक- बैलेंस में बढ़ोतरी हो सकती है।

## जुलाई में मंगल और शनि की चाल में होगा बदलाव, इन राशियों का चमक सकता है कॅरियर और कारोबार



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर अपनी चाल में बदलाव करते हैं, जिसका व्यापक प्रभाव मानव जीनव के साथ देश- दुनिया पर देखने को मिलता है। आपको बता दें कि जुलाई के महीने में 30 साल शनि देव मीन राशि में वक्री होने जा रहे हैं और वहीं ग्रहों के सेनापति मंगल ग्रह कन्या राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। ऐसे में इन दोनों ग्रहों की चाल में बदलाव से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों की धन- संपत्ति में अपार बढ़ोतरी हो सकती है, आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मकर राशि :** आप लोगों के लिए मंगल और शनि देव की चाल में बदलाव लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि शनि देव आपकी राशि से तीसरे भाव पर वक्री तो वहीं मंगल ग्रह आपकी गोचर कुंडली के भाग्य स्थान पर संचरण करने जा रहे हैं। आपको किस्मत का साथ मिल सकता है। वहीं आप काम- कारोबार के संबंध से यात्रा कर सकते हैं। आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं।

**धनु राशि :** मंगल और शनि देव की चाल में बदलाव होना धनु राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। क्योंकि मंगल ग्रह आपकी राशि से कर्म पर गोचर करेंगे तो वहीं शनि देव आपकी गोचर कुंडली के चतुर्थ भाव पर वक्री होंगे। कार्यस्थल पर जूनियर और सीनियर का साथ मिल सकता है। वहीं इस समय आप कोई वाहन या प्रापर्टी खरीद सकते हैं।

**मीन राशि :** आप लोगों के लिए शनि देव का वक्री होना और मंगल ग्रह का गोचर सकारात्मक सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से लग्न भाव पर तो वहीं मंगल ग्रह सप्तम स्थान पर गोचर करने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। साथ ही आपके बड़े- बड़े लोगों के साथ संबंध बनेंगे, जिससे आपको भविष्य में लाभ होगा। वहीं लव रिलेशनशिप मजबूत होंगे और नया बिजनेस शुरू करने के लिए यह समय शानदार है।

### मच्छरों की संख्या बढ़ जाती हैं, जो डेंगू और मलेरिया आदि फैलाते हैं

# मानसून में तेजी से फैलती हैं संक्रामक बीमारियां सुरक्षा व सावधानी ही बचने का कारगर तरीका

मानसून का आगमन हो चुका है, जिस दौरान गर्मी से तो राहत मिलती है। हालांकि, इस मौसम में जगह-जगह पानी भर जाता है, आद्रता बढ़ जाती है और तापमान ठंडा हो जाता है। इन कारकों के चलते लोग बीमार पड़ने लगते हैं और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इतना ही नहीं, मानसून में मच्छरों की संख्या भी बढ़ जाती हैं, जो डेंगू और मलेरिया आदि फैलाते हैं। बरसात के दौरान इन बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



### मौत तक का कारण बन जाता है डेंगू

डेंगू मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी है, जो वैश्विक स्तर पर लाखों मौतों का कारण बनती है। यह बीमारी मानसून में बढ़ जाती है, क्योंकि सड़कों पर भरा पानी एडीज मच्छर के लिए प्रजनन स्थल बन जाता है। इसके लक्षणों में बुखार होना, प्लेटलेट्स की संख्या में कमी आना और चकत्ते निकलना शामिल होता है। डेंगू से बचाव के लिए ढके हुए कपड़े पहनें, घर में मच्छर भगाने वाली मशीन जलाएं और उनसे सुरक्षा करने वाली क्रीम लगाएं।

### मच्छर जनित बीमारी चिकनगुनिया

चिकनगुनिया बुखार मुख्य रूप से मच्छरों के काटने पर फैलता है, जो एसी, फ्रिज, पौधों, बर्तनों और पानी की पाइपों में पाए जाने वाले स्थिर पानी में पैदा होते हैं। एडीज एल्बोपिक्टस मच्छर इस बीमारी को फैलाने के लिए जिम्मेदार होता है। चिकनगुनिया होने पर जोड़ों के दर्द, तेज बुखार और थकान जैसे लक्षण नजर आते हैं। चिकनगुनिया से बचने के लिए साफ-सफाई का ध्यान रखें और कहीं भी पानी न भरने दें।

### तेल की चीजें व पानी से पेट का संक्रमण

मानसून के दौरान सभी पकौड़े, समोसे और छोटे-भटूरे जैसे तले-भुने स्ट्रीट फूड का आनंद लेते हैं। सड़क किनारे बिकने वाले इन व्यंजनों पर कीड़े और संक्रमित मच्छर बैठते हैं, जिससे वे दूषित हो जाते हैं। जब हम इन दूषित व्यंजनों का सेवन करते हैं तो हमारा पेट खराब हो जाता है और पेट के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इस बीमारी से बचने के लिए आपको रोजाना गर्म पानी पीना चाहिए और घर का बना खाना ही खाना चाहिए।

### सबसे ज्यादा फैलने वाली बीमारी मलेरिया

मलेरिया एक खतरनाक बीमारी है, जो मच्छर के काटने से होती है। यह बीमारी मानसून में सबसे ज्यादा फैलती है और लोगों को कमजोर कर देती है। यह बीमारी मादा एनोफिलीज मच्छर के कारण फैलती है, जो जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रजनन करते हैं। इस बीमारी में बुखार, कमजोरी, ठंड लगना, पसीना आना और खून की कमी जैसे लक्षण नजर आते हैं। बचाव के लिए घर को साफ रखें, आस-पास पानी न भरने दें और मच्छरों से बचकर रहें।

## 12 साल बाद बनने जा रहे हैं दो शक्तिशाली राजयोग, इन राशियों को होगा अचानक धन लाभ

जून का महीना ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास रहने वाला है। इस महीने ग्रहों की एक दुर्लभ युति बनने जा रही है, जो कई राशियों के लिए सौभाग्य लेकर आएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार, 15 जून को सूर्य के मिथुन राशि में प्रवेश करते ही सूर्य, बुध और गुरु की युति से त्रिग्रह योग का निर्माण होगा। ज्योतिषियों के अनुसार, यह संयोग लगभग 12 साल बाद बन रहा है। इस दौरान बुध अपनी स्वराशि में होंगे और सूर्य व गुरु के साथ मिलकर तीन बड़े राजयोग – गुरु आदित्य योग, बुधादित्य योग और भद्र राजयोग बनाएंगे। ग्रहों की इस शुभ स्थिति के बीच इन 3 राशियों को लाभ मिल सकती है।



**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के लिए यह त्रिग्रह योग दूसरे भाव में बन रहा है, जो परिवार, वाणी और धन का भाव होता है। ऐसे में इस योग से आपको पैतृक संपत्ति का लाभ मिल सकता है। जो लोग लंबे समय से संपत्ति विवाद में उलझे हैं, उन्हें समाधान मिलने की संभावना है। वहीं इस दौरान मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ है तो वह वापस मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला राशि :** तुला राशि के लिए त्रिग्रह योग भाग्य स्थान यानी 9वें भाव में बन रहा है। यह समय आपके भाग्य को प्रबल करने वाला रहेगा। इस दौरान आपको अपने पिता का पूर्ण सहयोग मिलेगा और आप किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। सरकारी नौकरी के इच्छुक लोगों के लिए भी यह समय अनुकूल है। जो लोग किसी मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी पाना चाहते हैं, उन्हें भी अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के लिए यह त्रिग्रह योग पंचम भाव में बन रहा है, जो विद्या, संतान और रचनात्मकता का स्थान है। साथ ही शनि की साढ़ेसाती का अंतिम चरण चल रहा है, ऐसे में ग्रहों की यह युति आपकी मेहनत का फल दिलाने में मदद करेगी। माता-पिता को संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के लिहाज से पेट संबंधी परेशानियों में राहत मिलेगी।

## आम के सीजन में मेहमानों को बनाकर खिलाएं फलों के राजा की आइसक्रीम

आम गर्मी का सबसे पसंदीदा फल है, जो न केवल स्वाद का भंडार होता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। इस फल को ऐसे ही खाने के साथ-साथ लोग इसके कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाना भी पसंद करते हैं। हालांकि, गर्मी के मौसम में आम की आइसक्रीम सबसे ज्यादा अच्छी लगती है। अगर आपके बच्चे आइसक्रीम खाने की जिद कर रहे हैं तो उन्हें आम की ये आइसक्रीम बनाकर खिलाएं।इन सभी की रेसिपी भी आसान हैं।

**आम वाली कुल्फी :** कुल्फी भारत की अपनी आइसक्रीम है, जिसके स्वाद का कोई मुकाबला ही नहीं किया जा सकता। आम वाली कुल्फी बनाने के लिए सबसे पहले कुछ आमों की गुठली निकालकर उनमें सुराख बना लें। अब एक कड़ाही में दूध गर्म करें और उबाल आने पर उसमें चीनी, इलायची पाउडर, मेवे और केसर मिला दें। इसमें आम की पियूरी और आम के टुकड़े डालें और ठंडा करके आमों में भरकर जमा लें। भरे हुए आमों को काटें और कुल्फी का आनंद लें।

**आमची आइसक्रीम :** इंटरनेट पर आमची आइसक्रीम की बहुत चर्चा होने लगी है, जो आम के आकार की आइसक्रीम होती है। यह बिलकुल समूचे आम जैसी दिखती है, जिसकी बाहरी परत सफेद चॉकलेट की होती



है। इसके लिए एक आम की गुठली निकालकर उसे फ्रिज में सेट करें। अब ब्लेंडर में आम, कंडेंस्ड दूध, मलाई और दूध डालकर मिक्स कर लें और आम में भरकर रातभर जमने दें। इसे छीलकर इसपर सफेद चॉकलेट की परत लगाएं और जमाकर खाएं।

**आम पन्ना पॉपसिकल :** अगर आपको आम से ज्यादा अमिया पसंद है तो उससे आम पन्ना पॉपसिकल बनाकर खाएं। ये मिनटों में बनकर तैयार हो जाती हैं और बच्चों को खास तौर से पसंद आती हैं। इसके लिए कच्चे आमों के डंठल निकालकर उन्हें भाप में पकाएं। अब उन्हें छीलकर उनका पल्प निकालें और मिक्सी में डालें।

**आम की लस्सी वाली आइसक्रीम :** यूं तो आम, लस्सी और आइसक्रीम गर्मी के 3 पसंदीदा व्यंजन हैं, लेकिन आप इन्हें एक साथ मिलाकर आम की लस्सी वाली आइसक्रीम बना सकते हैं। इसके लिए आम को छीलकर काट लें और मिक्सी में चीनी के साथ पीस लें।




## शुरुआती कलाकारों के लिए बहुत काम के हैं ये गुण, पोर्ट्रेट ड्राइंग में आएगा निखार

पोर्ट्रेट ड्राइंग एक कला है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे और व्यक्तित्व को चित्रित किया जाता है। यह कला न केवल तकनीकी कौशल मांगती है, बल्कि गहरी समझ और संवेदनशीलता भी जरूरी होती है। इस लेख में हम कुछ जरूरी टिप्स पर चर्चा करेंगे, जो शुरुआती कलाकारों के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इन टिप्स की मदद से आप अपनी पोर्ट्रेट ड्राइंग को और बेहतर बना सकते हैं और अपने कला कौशल को निखार सकते हैं।

**सही उदाहरण चुनें :** उदाहरण का चयन पोर्ट्रेट ड्राइंग का पहला कदम है। सही उदाहरण चुनने से आपको चित्रित व्यक्ति के चेहरे, बालों और त्वचा की बनावट को समझने में मदद मिलती है। इससे आप सही माप को समझ सकते हैं, जो आपके चित्र को अधिक वास्तविक बनाता है। इसके अलावा सही उदाहरण चुनने से आपको रंगों और शेडिंग का सही उपयोग करने में भी मदद मिलती है, जिससे आपका पोर्ट्रेट और भी आकर्षक और जीवंत दिखता है।

**हल्के हाथ से स्केच बनाएं :** पोर्ट्रेट ड्राइंग शुरू करने से पहले हल्के हाथ से स्केच बनाएं। यह कदम आपके चित्र की मूल संरचना को बनाने में मदद करता है।स्केचिंग करने से पहले चेहरे के प्रमुख हिस्सों जैसे आंखें, नाक और मुंह की स्थिति को ध्यान से देखें और मार्क करें। इसके बाद धीरे-धीरे चेहरे के आकार को सही करें। यह प्रक्रिया आपके चित्र को अधिक सटीक और संतुलित बनाएगी, जिससे आपका पोर्ट्रेट अधिक आकर्षक और वास्तविक दिखेगा।

**शेडिंग का सही उपयोग करें :** शेडिंग का सही उपयोग आपके पोर्ट्रेट ड्राइंग को गहराई देता है। हल्के हाथ से हल्के ग्रे पेंसिल या चारकोल का उपयोग करके चेहरे पर हल्की छायाएं डालें। ध्यान रखें कि हाइलाइट हिस्सा कहां है और उसके अनुसार शेडिंग करें। इससे आपका चित्र अधिक जीवंत लगेगा और चेहरे की बनावट भी स्पष्ट होगी। शेडिंग का सही उपयोग आपके पोर्ट्रेट को अधिक वास्तविक और आकर्षक बनाएगा, जिससे देखने वाले को एक अलग ही अनुभव मिलेगा।



### बारीकियों पर ध्यान दें

बारीकियों पर ध्यान देना बहुत अहम है क्योंकि यह आपके चित्र को और भी वास्तविक बनाता है। जैसे कि भौंहें, पलकें, होंठ आदि को बारीकी से चित्रित करें। सही बारीकियां आपके चित्र को अधिक गहराई और कलात्मकता प्रदान करता है। इसके लिए आप बारीक पेंसिल का उपयोग कर सकते हैं और बारीकियों को ध्यान से देख सकते हैं। यह आपके चित्र को और भी आकर्षक बनाएगा और देखने वाले को एक अलग ही अनुभव देगा।


**रंगों का चयन सोच-समझकर करें :** रंगों का चयन करते समय सोच-समझकर करें ताकि आपके चित्र में प्राकृतिकता बनी रहे। त्वचा के रंग, बालों की बनावट और आंखों की चमक को ध्यान में रखते हुए रंगों का चयन करें। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने से आपका पोर्ट्रेट अधिक वास्तविक लगेगा और देखने वाले को एक अलग ही अनुभव मिलेगा। इसके अलावा रंगों का सही मेल आपके चित्र को और भी आकर्षक बनाएगा, जिससे आपका पोर्ट्रेट और भी जीवंत और सुंदर दिखेगा।

कार्नर न्यूज

### घर से निकलने से पहले मौसम का हाल जरूर देख लेना चाहिए

# बारिश के मौसम में सुरक्षित यात्रा के लिए करें इन टिप्स का पालन, आरामदायक होगा सफर

मानसून का मौसम शुरू हो चुका है, जिस दौरान सभी का मन करता है कि वे कहीं घूमने जाएं। हालांकि, अगर सावधानी न बरती जाए तो बारिश के कारण यात्रा का अनुभव खराब हो सकता है और दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए 5 ऐसी टिप्स लेकर आए हैं, जिनका पालन करके आप मानसून के दौरान सुरक्षित और सुखद यात्रा का आनंद ले पाएंगे। ये टिप्स आपको किसी भी अनहोनी से बचाकर रखेंगी।



### सही स्थान का चयन करें

बरसात के मौसम में यात्रा करना रोमांचक होता है, क्योंकि हमें खूबसूरत प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं। हालांकि, अगर इस मौसम में घूमने के लिए सही जगह न चुनी जाए तो छुट्टियां बरबाद भी हो सकती हैं। अगर आपको भारी बारिश पसंद नहीं है तो ऐसी जगह जाएं, जहां कम बारिश होती है। इस मौसम में कूर्ग, मुन्नार, वायनाड, मेघालय, शिलांग और चेरापूंजी जैसे हिल स्टेशन जाना सबसे बढ़िया रहता है।

### ज्यादा सामान पैक करके न ले जाएं

मानसून में किसी भी समय बारिश हो सकती है और इस दौरान सामान से भरे बैग उठाना मुश्किल हो जाता है। अगर थोड़ी भी ऊंच-नीच हुई तो आप गिर सकते हैं या चोट खा सकते हैं। ऐसे में आपको बरसात के मौसम में यात्रा करते हुए कम सामान लेकर जाना चाहिए और पिट्ठू बैग का विकल्प चुनना चाहिए। इस मौसम के लिए कॉटन या लिनन फैब्रिक से बने कपड़े सही रहते हैं, जो भीगने पर जल्दी सूख भी जाते हैं।

### मौसम का हाल देखना न भूलें

मान लीजिए कि आपने सही जगह तो चुन ली, लेकिन जब आप वहां पहुंचे तो मूसलाधार बारिश ने सारा मजा किरकिरा कर दिया। इस अनुभव से बचने के लिए आपको घर से निकलने से पहले मौसम का हाल जरूर देख लेना चाहिए। इंटरनेट की मदद लेकर पहले ही जांच लें कि आपकी यात्रा के दिनों में जगह का मौसम कैसा रहेगा। अगर हल्की बारिश, धूप या सुहाना मौसम दिखाए, तो बेझिझक अपनी यात्रा को जारी रखें।



### वाटरप्रूफ सामान साथ रखें

बारिश में भीगने पर आप बीमार पड़ सकते हैं, आपका सामान खराब हो सकता है या सारे कपड़े गीले हो सकते हैं। ऐसे में आपको अपने साथ वाटरप्रूफ सामान लेकर जरूर जाना चाहिए। वाटरप्रूफ बैग में ही सामान रखें और अतिरिक्त सुरक्षा ले लिए उसपर प्लास्टिक चढ़ा दें। इसके अलावा, छतरी, बरसात वाले जूते और रेनकोट ले जाना न भूलें। मानसून के दौरान आपको ये कपड़े और एक्सेसरीज जरूर खरीदने चाहिए।


### बरसात के वक्त सावधानी बरतें

बरसात की वजह से सड़कें गीली हो जाती हैं और जगह-जगह पानी भर जाता है। ऐसे में आपको पैरों में बरसात वाले जूते पहनने चाहिए और चलते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। ऐसी जगहों पर न जाएं, जहां फिसलन हो, खाई हो, झरने हों या गिरने का डर हो। साथ ही आपको तस्वीरें खींचते समय भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं आपका पैर फिसल न जाए और आप गिरकर चोटिल न हो जाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेरेड लेटो पर नौ महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का लगाया आरोप



हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जारेड लेटो पर कई महिलाओं ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। नौ महिलाओं का कहना है कि अभिनेता ने उनके साथ अश्लील व्यवहार किया है। कुछ महिलाओं का दावा है कि उत्पीड़न के वक्त वे नाबालिग थीं। उनके साथ यौन उत्पीड़न लंबे समय तक चलता रहा। एक महिला ने बताया, 'यह बात लंबे समय से सबको पता थी,' जारेड लेटो पर आरोप है कि उन्होंने एक 16 साल की लड़की से यौन संबंधी सवाल पूछे, एक 17 साल की लड़की के सामने बिना कपड़ों के आए और एक 18 साल की लड़की का हाथ गलत तरीके से अपने शरीर पर रखवाया। एक बयान में अभिनेता लेटो के प्रतिनिधि ने सभी आरोपों को साफ तौर पर झूठा बताया और इनकार किया। रिपोर्ट में शामिल आरोपों में मॉडल लॉरा ला रू का आरोप भी शामिल है। उन्होंने बताया कि 2008 में, जब वह 16 साल की थीं, तब एनिमल राइट्स कार्यक्रम को लेकर लेटो से उनकी मुलाकात हुई थी। उन्होंने ईमेल के जरिए भी बात की थी। इसके बाद लेटो ने उन्हें अपने स्टूडियो आने का न्योता दिया। लॉरा ला रू ने बताया कि वह अप्रैल 2009 में लेटो के स्टूडियो गई थीं, जहां उनके साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ हुई। उन्होंने बताया कि उनके बीच हुई बातचीत में कुछ भी गलत या अश्लील नहीं था।

### टॉलीवुड

## पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' 12 को होगी रिलीज



अभिनेता पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू'का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म को 12 जून को रिलीज किया जाना था, मगर ऐसा हो न सका। आखिरी वक्त में फिल्म की रिलीज पोस्टपोन हो गई। मेकर्स की तरफ से भी इसकी आधिकारिक सूचना दी गई। अब इस फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' की रिलीज डेट पोस्टपोन होने के बाद फैंस काफी निराश हैं। सभी की निगाहें फिल्म की नई रिलीज डेट के एलान पर टिकी हैं। फिल्म की नई रिलीज पर एक अपडेट आया है। तेलुगु 123 की एक रिपोर्ट क मुताबिक ऐसी रूमर्स हैं कि फिल्म जुलाई में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म के डिजिटल अधिकार रखने वाले प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो के मुताबिक फिल्म 18 जुलाई, 2025 को रिलीज हो सकती है। यानी अनुष्का शेट्टी की 'घाटी' के एक सप्ताह बाद। कृष जगरलामुडी द्वारा निर्देशित है फिल्म 'घाटी' 11 जुलाई को रिलीज होगी। इसके बाद 'हरि हर वीरा मल्लू' रिलीज हो सकती है। हालांकि, मेकर्स की तरफ से फिल्म की रिलीज को लेकर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान अभी बाकी है। 'हरि हर वीरा मल्लू' का निर्देशन ए.एम. ज्योति कृष्णा और कृष जगरलामुदी ने किया है। यह एक एक्शन, एडवेंचर ड्रामा फिल्म है। पवन कल्याण के साथ फिल्म में निधि अग्रवाल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल विलेन के रोल में नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## सिनेमाघरों के बाद अब ऑनलाइन गर्दा काट रही निरहुआ हिंदुस्तानी 4



भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे अभिनीत फिल्म 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' साल 2024 में थिएटर्स में रिलीज हुई। दर्शकों से इसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। कुछ दर्शक इस फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के इंतजार में थे, जो पूरा हो गया है। इस फिल्म को निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यहां भी यह गर्दा काट रही है। 15 अगस्त 2024 को 'निरहुआ हिंदुस्तानी 4' यूपी-बिहार और झारखंड के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कल रविवार 8 जून को इसे ऑनलाइन रिलीज किया गया है, जहां दर्शकों से इसे जबर्दस्त रेस्पॉन्स मिला है। रिलीज के एक दिन में ही फिल्म को अब तक 14 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। दर्शकों से फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और साथ ही 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' की डिमांड भी शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन मंजुल ठाकुर ने किया है। प्रवेश लाल यादव और अभिषेक कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में दिनेश लाल और आम्रपाली के अलावा सारा लॉकेट, ब्रिजेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, पारुल प्रिया,अमित शुक्ला और अयाज खान जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। आम्रपाली और दिनेश लाल की केमिस्ट्री फैंस को पसंद आई है। लोकप्रिय फ्रेंचाईजी की पहली कड़ी साल 2014 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इसके तीन पार्ट आ चुके हैं। हर कड़ी में कहानी अलग देखने को मिली है। भोजपुरी इंडस्ट्री की यह सबसे सफल फ्रेंचईजी साबित हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनी 'निरहुआ हिंदुस्तानी 5' ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

## लाइफ स्टाइल

### मोनोक्रोम लुक ने मचाई सनसनी

मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपने फैशन और ग्लैमर के जलवे बिखेरती नजर आईं, और इस बार उनका लुक इतना दमदार था कि लोग देखते ही रह गए। 51 साल की उम्र में मलाइका ने जो लुक कैरी किया, उसने एक बार फिर ये साबित कर दिया कि एज इज जस्ट ए नंबर। उनकी हालिया तस्वीर ने फैशन इंडस्ट्री और सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी है। मलाइका ने एक बेहद स्टनिंग वाइट जर्सी ड्रेस पहनी हुई है, जो डिजाइन और प्रेजेंस दोनों में क्लास का परफेक्ट एग्जांपल है। ड्रेस की हाई नेकलाइन और साइड कट्स उनके टोन्ड शोल्डर और फिगर को खूबसूरती से हाइलाइट कर रहे थे। पूरी ड्रेस को ब्लैक सैश से बांधा गया था, जो सामने एक बड़े बो की शक्ल में था।



## स्वस्थ चमकदार त्वचा चाहते हैं तो .... इन तरीकों से बादाम के तेल का करें इस्तेमाल

बादाम का तेल एक प्राकृतिक उपाय है, जो त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाने में मदद करता है। इसमें मौजूद विटामिन-E और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा की नमी बनाए रखते हैं और उसे स्वस्थ रखते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार तरीके बताएंगे, जिनसे आप बादाम के तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा को चमकदार बना सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप भी अपनी त्वचा की चमक बढ़ा सकते हैं।

**बादाम के तेल से हल्की मालिश करें :** बादाम के तेल से हल्की मालिश करना एक बेहतरीन तरीका है, जिससे आपकी त्वचा को नमी मिलती है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अपने चेहरे और हाथ-पैरों पर हल्के हाथों से बादाम के तेल की मालिश करें। इससे खून का बहाव बढ़ता है और त्वचा की कोशिकाओं को पोषण मिलता है। इसके अलावा यह त्वचा को मुलायम बनाता है और उसे स्वस्थ रखता है।

**फेस मास्क बनाएं :** बादाम के तेल का फेस मास्क बनाना भी एक अच्छा उपाय हो सकता है, जिससे आपकी त्वचा को गहराई से पोषण मिलता है और वह चमकदार दिखती है। इसके लिए आप दो चम्मच बादाम के तेल में एक चम्मच शहद मिलाकर इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट तक छोड़ दें, फिर ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।



**आंखों के नीचे लगाएं :** आंखों के नीचे की त्वचा बहुत नाजुक होती है और जल्दी झुर्रियों का सामना कर सकती है। बादाम का तेल इसमें मदद करता है क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन-ई झुर्रियों को कम करता है और आंखों के नीचे की सूजन को घटाता है। इसके लिए रोजाना रात को सोने से पहले अपनी उंगलियों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लेकर हल्के हाथों से आंखों के नीचे की त्वचा पर लगाएं और धीरे-धीरे मालिश करें।

### होंठों पर लगाएं

होंठों की त्वचा भी बहुत नाजुक होती है, जिसमें जल्दी सूखापन आ जाता है या फट जाते हैं। ऐसे में आप रात को सोने से पहले अपने होंठों पर थोड़ा-सा बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे मुलायम बने रहते हैं और उनमें नमी बनी रहती है। इसके अलावा आप चाहें तो दिनभर भी अपने होंठों पर बादाम का तेल लगा सकते हैं, जिससे वे चमकदार दिखेंगे और स्वस्थ रहेंगे।

### स्क्रब बनाएं

गंदगी और मृत त्वचा हटाने के लिए आप बादाम के तेल का स्क्रब बना सकते हैं। इसके लिए एक चम्मच बादाम के तेल में दो चम्मच चीनी मिलाकर हल्के हाथों से अपने चेहरे पर घिसें, फिर ठंडे पानी से धो लें। यह स्क्रब आपकी त्वचा को साफ करेगा, जिससे आपकी त्वचा चमकदार दिखेगी और मुलायम बनेगी। इस प्रक्रिया को हफ्ते में एक बार दोहराएं ताकि आपको बेहतर परिणाम मिल सके।

## बोहो लुक क्रिएट करने कुछ खास बातों का रखें ध्यान, मिलेगा स्टाइलिश लुक

फैशन



बोहो लुक एक ऐसा फैशन है, जो आरामदायक और स्टाइलिश दोनों होता है। यह लुक हिप्पी संस्कृति से प्रेरित है और इसमें रंग-बिरंगे कपड़े, मोटी फैशन एक्सेसरीज और प्राकृतिक चीजों का उपयोग होता है। अगर आप भी बोहो लुक अपनाना चाहते हैं तो इन टिप्स की मदद से आप अपने स्टाइल को और भी खास बना सकते हैं। इन टिप्स से आप अपने रोजमर्रा की जिंदगी में आराम और सुंदरता का संतुलन बना सकते हैं।

**रंग-बिरंगे कपड़े चुनें :** बोहो लुक में रंगों का बड़ा महत्व होता है। इसमें आपको हल्के रंगों की बजाय गहरे और चमकीले रंगों का चयन करना चाहिए, जैसे कि लाल, हरा, नीला और पीला आदि रंग इस लुक को खास बनाते हैं। आप इन रंगों के कपड़ों को मिलाकर पहन सकते हैं या एक ही रंग के अलग-अलग शेड्स को मिलाकर भी एक आकर्षक लुक पा सकते हैं। इस तरह के रंग आपके व्यक्तित्व को और भी निखार देंगे।

**फूलों के प्रिंट्स का करें इस्तेमाल :** फूलों के प्रिंट्स बोहो लुक का एक अहम हिस्सा होते हैं। ये प्रिंट्स न केवल देखने में अच्छे लगते हैं बल्कि इन्हें पहनने से भी आरामदायक महसूस होता है। आप फूलों के प्रिंट्स वाली ड्रेस, स्कर्ट या कुर्ता पहन सकते हैं। इसके अलावा फूलों के प्रिंट्स वाली साड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इस तरह के प्रिंट्स आपके लुक को और भी खास बना सकते हैं और आपको एक ताजगी भरा एहसास दिलाते हैं।

**मोटी फैशन एक्सेसरीज का करें चयन :** बोहो लुक में मोटी फैशन एक्सेसरीज का उपयोग किया जाता है। आप बड़े झुमके, चेन, कंगन और नेकलेस आदि पहन सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को पूरा करेंगे। इन फैशन एक्सेसरीज को पहनकर आप अपने व्यक्तित्व को और भी निखार सकते हैं। इसके अलावा रंग-बिरंगी एक्सेसरीज भी इस लुक को खास बनाते हैं। मोटी फैशन एक्सेसरीज पहनने से आपका लुक और भी आकर्षक और स्टाइलिश लगेगा, जिससे आप हर मौके पर अलग दिखेंगी।

**कपड़ों की लेयरिंग करें :** बोहो लुक में कपड़ों की लेयरिंग करना आम बात होती है। आप टी-शर्ट के ऊपर बोहो स्टाइल जैकेट पहन सकती हैं, साथ ही स्कर्ट या पैंट्स के साथ लंबी कुर्ती भी अच्छी लगती है। लेयरिंग कपड़े पहनने से आपका लुक और भी खास बनता है और आप हर मौके पर अलग दिखते हैं। इस तरह के कपड़े न केवल स्टाइलिश लगते हैं बल्कि इन्हें पहनना आरामदायक भी होता है, जिससे आप पूरे दिन आत्मविश्वास महसूस करेंगे।

## स्टाइलिश व आरामदायक परिधान कुर्ती की स्टाइलिश डिजाइनें जो होना चाहिए हर महिला

कुर्ती महिलाओं के लिए एक जरूरी परिधान है, जो न केवल पारंपरिक है, बल्कि आधुनिकता का भी प्रतीक है। बाजार में कई तरह की कुर्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें से हर एक का अपना एक अलग स्टाइल और डिजाइन है। इस लेख में हम आपको कुर्ती के पांच अलग-अलग प्रकारों के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की अलमारी में होने चाहिए ताकि वे हर मौके पर स्टाइलिश और आरामदायक महसूस करें।

**अनारकली कुर्ती :** अनारकली कुर्ती एक बहुत ही लोकप्रिय और पारंपरिक कुर्ती स्टाइल है, जो अपने घेरदार डिजाइन के कारण खास होती है। यह कुर्ती आमतौर पर घुटने के नीचे तक लंबी होती है और इसे प्लाजो या चूड़ीदार पैंट्स के साथ पहना जा सकता है। अनारकली कुर्ती में कढ़ाई, शीशे का काम या स्टोन का इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे यह और भी आकर्षक लगती है। यह हर खास मौके पर पहनने के लिए आदर्श है।



**स्ट्रेट कट कुर्ती :** स्ट्रेट कट कुर्ती उन महिलाओं के लिए बेहतरीन विकल्प है, जो सरलता पसंद करती हैं। यह कुर्ती कंधे से लेकर कमर तक सीधी होती है और नीचे की ओर हल्का सा फैलाव होता है। इसे जींस, प्लाजो या किसी भी प्रकार के बॉटम वियर के साथ पहना जा सकता है। स्ट्रेट कट कुर्ती आमतौर पर रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होती है और इसे किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है।

**शॉर्ट कुर्ती :** शॉर्ट कुर्ती आजकल बहुत चलन में हैं और खासकर युवा पीढ़ी में ये बेहद लोकप्रिय हैं। शॉर्ट कुर्ती को जींस या लेगिंग्स के साथ पहना जा सकता है, जिससे एक आधुनिक लुक मिलता है। ये कुर्तियां न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। शॉर्ट कुर्ती में कई तरह के प्रिंट्स और पैटर्न उपलब्ध होते हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद के अनुसार चुन सकती हैं।

## डेनिम ड्रेस के साथ पहनें फैशनेबल एक्सेसरीज दिखेंगी बहुत आकर्षक व खूबसूरत

डेनिम ड्रेस हर महिला की अलमारी का जरूरी हिस्सा होती है। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी लगती है। डेनिम ड्रेस को सही एक्सेसरीज के साथ पहनने से आपका लुक और भी खास बन सकता है। सही एक्सेसरीज का चयन आपके पूरे लुक को निखार सकता है और आपको आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करवा सकता है। आइए जानते हैं कि डेनिम ड्रेस के साथ कौन-कौन सी एक्सेसरीज पहननी चाहिए।

**बेल्ट का उपयोग करें :** बेल्ट डेनिम ड्रेस को एक नया अंदाज देती है। अगर आपकी डेनिम ड्रेस थोड़ी ढीली है तो एक पतली या मोटी बेल्ट पहनकर इसे फिट करें। इससे आपकी कमर की शेप उभरकर आएगी और आपको एक स्मार्ट लुक मिलेगा। इसके अलावा बेल्ट आपके लुक को और भी खास बना सकती है। यह न केवल आपके स्टाइल को बढ़ाती है बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस कराती है।



**हैंडबैग चुनें :** एक अच्छा हैंडबैग आपके पूरे लुक को पूरा कर सकता है। डेनिम ड्रेस के साथ एक चमड़े का हैंडबैग या फिर एक बड़ा टोट बैग अच्छा लगता है। यह न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि इसमें आपकी सभी जरूरत की चीजें भी समा जाती हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे हैंडबैग्स का भी चुनाव कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे क्लच बैग्स का भी चयन कर सकती हैं।

**कानों में स्टड्स पहनें :** स्टड्स हर तरह के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं, खासकर डेनिम ड्रेस के साथ। बड़े आकार के स्टड्स आपके चेहरे को आकर्षक बनाते हैं और आपके पूरे लुक को निखारते हैं। आप चाहें तो रंग-बिरंगे या फिर ऑक्सीडाइज स्टड्स का भी चयन कर सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बना देंगे। इसके अलावा आप छोटे स्टड्स भी चुन सकती हैं, जो आपके कानों को सजाएंगे और आपको एक स्मार्ट लुक देंगे।

कार्नर न्यूज

### फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा

## यादों को संजोने ओरिगामी आर्ट से फोटो फ्रेम इस तरीके से सजाएं, शो-केस लगेगा बेहतरीन

फोटो फ्रेम्स का इस्तेमाल यादों को संजोने के लिए किया जाता है। अगर आप अपने फोटो फ्रेम्स को और भी खास बनाना चाहते हैं तो ओरिगामी आर्ट एक बेहतरीन तरीका हो सकता है। इस कला के माध्यम से आप अपने फोटो फ्रेम्स को अनोखा और आकर्षक बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने फोटो फ्रेम्स को ओरिगामी आर्ट से सजा सकते हैं।



### रंग-बिरंगे कागज के फूलों से सजाएं

ओरिगामी कागज के फूल बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को बहुत ही खूबसूरत बना सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों के कागज लें और उन्हें फूलों का आकार दें। अब इन फूलों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपका दें। आप चाहें तो इन्हें फ्रेम के किनारों पर भी लगा सकते हैं, जिससे पूरा फ्रेम जीवंत और आकर्षक लगेगा।

### पत्तियों से करें सजावट

ओरिगामी पत्तियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नई पहचान दे सकते हैं। इसके लिए हरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें पत्तियों का आकार दें। अब इन पत्तियों को अपने फोटो फ्रेम्स पर अलग-अलग जगहों पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को प्राकृतिक रूप देगा और उन्हें और भी आकर्षक बनाएगा। आप चाहें तो अलग-अलग आकार और रंग की पत्तियों का उपयोग करके एक अनोखा डिजाइन बना सकते हैं।

### जानवरों के आकार बनाएं

अगर आपके घर में बच्चे हैं तो उनके साथ मिलकर ओरिगामी जानवरों के आकार बनाना मजेदार हो सकता है। इसके लिए काले, सफेद या भूरे रंग के कागज का उपयोग करें और उन्हें काटकर जानवरों का आकार दें जैसे कि कुत्ता, बिल्ली, हिरण आदि। अब इन जानवरों को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।

**रंगीन पट्टियों से करें सजावट :** ओरिगामी पट्टियां बनाकर आप अपने फोटो फ्रेम्स को एक नया रूप दे सकते हैं। इसके लिए अलग-अलग रंगों की पट्टियां बनाएं और उन्हें एक साथ जोड़कर एक आकर्षक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं।



### मोजेक डिजाइन बनाएं

अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो ओरिगामी मोजेक डिजाइन आजमाएं। इसके लिए छोटे-छोटे टुकड़ों में अलग-अलग रंगों वाले कागज काटें और उन्हें एक साथ जोड़कर मोजेक डिजाइन तैयार करें। अब इस डिजाइन को अपने फोटो फ्रेम्स पर गोंद से चिपकाएं। यह तरीका आपके फोटो फ्रेम्स को बहुत ही आकर्षक बनाएगा और उन्हें एक अनोखा लुक देगा। इस तरह आप ओरिगामी आर्ट का उपयोग करके अपने फोटो फ्रेम्स को सजा सकते हैं।